


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 340 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, मंगलवार 27 सितंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर

### शिक्षक की पिटाई से दलित छात्र की मौत के बाद जमकर उपद्रव

औरैया(एजेंसी)। यूपी के औरैया में टीचर की पिटाई से दलित छात्र की मौत के बाद सोमवार को जमकर उपद्रव हुआ। गांव में बच्चे का शव पहुंचने के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी फूंक दी। पुलिस पर पथराव किया। हालात इतने बेकाबू हो गए कि आधी रात डीएम और एसएसपी को मौके पर पहुंचना पड़ा। सीनियर अफसरों ने पीड़ित परिवार से बात की। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए परिवार राजी हुआ। मंगलवार सुबह शव के अंतिम संस्कार की तैयारियां भी शुरू हो गई थीं। लेकिन, पुलिस द्वारा उपद्रव में शामिल लोगों की धरपकड़ की सूचना के बाद परिजन ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इससे हालात फिर बिगड़ गए। साढ़े चार घंटे की मान-मनौवल के बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को मान गए। एसपी चारू निगम ने बताया कि उपद्रव के मामले में 35 नामजद और तकरीबन 200 से 250 अज्ञात पर मुकदमा किया गया है। बताते चलें कि नामजद आरोपियों में मृतक के पिता राजू दोहरे का नाम भी शामिल किया गया है, जबकि अज्ञात में परिवार का नाम डाला गया है।

मदर्स मार्केट की तरह हर वार्ड में खुलेंगे रिटेल शॉप

# महिलाओं को सशक्त बनाने भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को बड़ी घोषणा की है। स्वरोजगार पर चर्चा के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि शहर की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने जिस तरह से मदर्स मार्केट बनाया गया है उसी तरह से हर वार्ड एक रिटेल शॉप खोलेंगे जहां महिलाएं अपने समूह के लघु उद्योग के माध्यम से जो भी प्रोडक्ट बनाएंगे उसे वह बेच पाएंगी। इससे महिलाओं को बेहतर रोजगार मिलेगा जल्द ही इस पर काम शुरू किया जाएगा।

बता दें विधायक देवेन्द्र यादव इन दिनों लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में वार्डों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे आज भेंट मुलाकात करने के लिए वार्ड 43 पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले कैलाश धाम स्थित मंदिर पहुंचे । माता रानी की पूजा अर्चना की। नवरात्रि के पावन अवसर



पर माता रानी की आराधना कर के विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड वासियों और शहरवासियों के सुख शांति और समृद्धि की खुशहाली की हाथ जोड़कर प्रार्थना की उसके बाद वार्ड के नागरिकों ने मंदिर के निर्माण कार्य के लिए विधायक देवेंद्र यादव का स्वागत सम्मान किया।

मंदिर से निकलकर विधायक देवेंद्र यादव गौरा गौरी चौक पहुंचे जहां पर वार्ड के महिलाओं और लोगों से भेंट मुलाकात की। उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याएं पूछी। इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने विधायक देवेंद्र यादव से कहा कि गौरा गौरी चौक को सौदरीकरण और बेहतर बनाने के लिए आपका हृदय से आभार है। इस दौरान वार्ड के लोगों ने कहा कहा कि गौरा गौरी चौक के सौदरीकरण और बेहतर करने के लिए उन्होंने आश्वासन दिया था और आज वह काम पूरा हो चुका है।

यहां से विधायक देवेंद्र यादव राजीव नगर शिव मंदिर पहुंचे जहां मंदिर में महिला भक्तों द्वारा भगवान शिव की आराधना की जा रही थी,वही भजन कीर्तन किए। क्षेत्र वासियों से मिले फिर वहां से आगे बढ़कर और कौशल्या हनुमान मंदिर के पास पहुंचे जय हनुमान जी की प्रार्थना आराधना करने के बाद वार्ड के नागरिकों से हालचाल जाना उनकी समस्याओं का समाधान किया। साथ ही महिला स्वरोजगार को लेकर भी वार्ड के महिलाओं के साथ लंबी चर्चा की गई। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने महिलाओं को सिलाई मशीन देने का आश्वासन दिया ताकि महिलाएं स्वरोजगार से आत्मनिर्भर हो सके।

## हर वार्ड में लगेंगे शिविर

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि लगातार वार्ड का दौरा कर रहे हैं ।लोगों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं। मौके पर समस्याओं का निदान भी कर रहे हैं इसके बाद भी अगर कहीं लोगों की कोई समस्या हो इसका निदान नहीं हो पाया है या फिर भी अपनी समस्याओं को नहीं बता पाए तो ऐसे लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर वार्ड में शिविर लगाया जाएगा । समस्या निवारण शिविर में लोग आकर लिखित में अपनी समस्या दे सकेंगे। जिसमें नगर निगम प्रशासन जिला प्रशासन व संबंधित विभाग से समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## नवरात्र: मां ब्रह्मचारिणी



नवरात्र पर्व के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। साधक इस दिन अपने मन को माँ के चरणों में लगाते हैं। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इस देवी को तपश्चारिणी अर्थात्‌ ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया।

कहते है माँ ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्वसिद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन देवी के इसी स्वरूप की उपासना की जाती है। इस देवी की कथा का सार यह है कि जीवन के कठिन संघर्षों में भी मन विचलित नहीं होना चाहिए।

# एयरहोस्टेस से रेप: कांग्रेस नेता ने शराब के नशे में किया कांड, पीड़िता ने कमरे में बंद कर बुलाई पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी में कांग्रेस नेता ने एक एयर होस्टेस से शराब के नशे में रेप किया। घटना के बाद एयरहोस्टेस ने दुष्कर्मी कांग्रेस नेता को कमरे में बंद कर दिया और डायल 112 को कॉल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एयरहोस्टेस के बयान के आधार पर आरोपी को जेल भेज दिया



गया है। यह घटना राजधानी दिल्ली के महरौली इलाके की है। दक्षिणी दिल्ली पुलिस ने बताया कि रविवार को डायल 112 पर महिला ने फोन कर बताया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है और उसने आरोपी को कमरे में बंद कर दिया है। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम हरिजीत यादव है और वह ब्लॉक कांग्रेस का पदाधिकारी बताया जा रहा है।

**शराब के नशे में किया दुष्कर्म**

पीडित एयरहोस्टेस ने बताया कि वह फ्रीडम फाइटर एंक्लेव में किराए के मकान में रहती है और एक एयर लाइन्स कंपनी में एयर होस्टेस है। मूल रूप से यूपी की रहने वाली पीडिता की हरजीत यादव से करीब डेढ़ माह पहले पहचान हुई थी। वह अपने लिए किराए का मकान तलाश रही थी इस दौरान उसकी मुलाकात हुई थी। हरिजीत खानपुर का रहने वाला है और मकान दिलाने के नाम पर पीडिता के घर पहुंचा था। इसपर पीडिता ने उसे घर में बिठाया। वह शराब के नशे में था और इस दौरान पीडिता से रेप किया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी कांग्रेस नेता को गिरफ्तार कर लिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में नया ट्विस्ट


# पवन बंसल ने लिया नामांकन पत्र, सोनिया से मिलने पहुंचे मिस्त्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सियासत तेज होती जा रही है। जैसे-जैसे नामांकन करने की अंतिम तारीख नजदीक आ रही है, नए-नए उम्मीदवार सामने आ रहे हैं। इस बीख खबर है कि कांग्रेस कोषाध्यक्ष पवन कुमार बंसल और वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने नामांकन पत्र लिया है। खबर है कि थरूर 30 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं, वहीं पवन बसंल के बारे में अभी स्थिति साफ नहीं हुई है। इस बीच कांग्रेस के निर्वाचन अधिकारी मदुसूदन मिस्त्री ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद उन्होंने बताया, अभी तक दो




लोगों ने नामांकन पत्र लिया है। अशोक गहलोत के नामांकन भरने पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# जज और घोटाले के आरोपी के बीच संपर्क, ईडी का दावा गंभीर-सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के नागरिक आपूर्ति निगम (नान) घोटाले के आरोपी की मदद करने के लिए सांविधानिक पद पर बैठे व्यक्तियों और हाईकोर्ट के जज के बीच संपर्क होने के ईडी के आरोपों को गंभीर करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह दावा बिलकुल अलग स्तर का है, क्योंकि इसमें कथित रूप से जज किसी किस्म की बातचीत में शामिल हैं।

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) यूयू ललित की पीठ ने सोमवार को विशेष कोर्ट को मामले की आगे सुनवाई से मना करते हुए ईडी की अपील पर 12 अक्तूबर को सुनवाई तय कर दी। सीजेआई ललित ने खुद के संपूर्ण न्यायपालिका का प्रमुख होने का संदर्भ देते हुए कहा कि अपीलीय न्यायक्षेत्र के रूप में बैठने के अलावा वह अलग तरह से काम करने और सुधारात्मक प्रशासनिक कदम उठाने के लिए अधिकृत हैं।

**ईडी ने की है केस राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की मांग**

ईडी ने हाल में दावा किया था कि राज्य में सांविधानिक पदों पर बैठे कुछ घोटाले के एक खास आरोपी को बचाने के लिए हाईकोर्ट के एक जज के संपर्क में हैं। इसे देखते हुए ईडी ने धन शोधन के इस केस को छत्तीसगढ़ से बाहर स्थानांतरित करने के अलावा हाईप्रोफाइल आरोपी की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग की थी। ईडी ने इस बारे में संबंधित व्यक्तियों के कुछ आपत्तिजनक व्हाट्सएप चैट सील लिफाफे में पीठ को सौंपे थे।

# विश्व पर्यटन दिवस: छत्तीसगढ़ की पौराणिक-सांस्कृतिक विरासत बेहद समृद्ध एवं एक रमणीय पर्यटन स्थल-ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने बधाई सन्देश में कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिक सौंदर्य, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों से परिपूर्ण है। देश व विदेश के सभी पर्यटकों के लिए छत्तीसगढ़ एक रमणीय पर्यटन स्थल है।

पर्यटन मंत्री साहू ने कहा कि इंद्रावती नदी पर चित्रकोट जलप्रपात, कवर्धा का भोरमदेव मंदिर, सिरपुर का प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर और बस्तर दशहरा देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। हमारा छत्तीसगढ़ पौराणिक एवं सांस्कृतिक विरासत में भी बेहद




पर्यटन मंत्री साहू ने कहा कि इंद्रावती नदी पर चित्रकोट जलप्रपात, कवर्धा का भोरमदेव मंदिर, सिरपुर का प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर और बस्तर दशहरा देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है

समृद्ध है। भगवन श्री राम ने अपने वनवास काल का लम्बा समय छत्तीसगढ़ की पावन धरा में बिताया है। भगवान श्रीराम के वनवास की स्मृतियों को सहेजने तथा संस्कृति एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राम वन गमन परिपथ परियोजना के माध्यम से सार्थक प्रयास किया जा रहा है। राम वन गमन परिपथ अंतर्गत उत्तर छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले से लेकर दक्षिण छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले तक भगवान राम के वनवास काल से जुड़े स्थलों का संरक्षण एवं विकास किया जा रहा है जिसमें प्रथम चरण में चिन्हित 9 पर्यटन तीर्थों का तेजी से कायाकल्प कराया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत इन सभी पर्यटन तीर्थों की आकर्षक लैण्ड स्कैपिंग के साथ-साथ पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विकास भी किया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री साहू ने कहा है कि स्वदेश दर्शन योजना के तहत् ट्रायबल टूरिज्म सर्किट परियोजना में 13 डेस्टिनेशन्स को इको पर्यटन एवं एथनिक पर्यटन की थीम पर विकसित किया गया है। इसके साथ ही वाटर टूरिज्म अंतर्गत हसदेव बांगो डेम के सतरेंगा में वाटर स्पोर्ट्स पर आधारित पर्यटन केन्द्र का भी विकास किया गया है। इसके लिए नए वाटर क्रूज एवं बोट की खरीदी की जा रही है, जिससे पर्यटक वाटर स्पोर्ट्स का आनंद उठा सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पर्यटन केन्द्रों को निरंतर विकसित किया जा रहा है।

# भूपेश ने रमन को दिखाया आईना

श्रीकंचनपथ




शराब बंदी के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरने की कोशिश कर रही भाजपा को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आईना दिखाया है. उन्होंने कहा कि जिस मुख्यमंत्री ने 15 साल के अपने राज में वादा नहीं निभाया वह चाहता है कि कांग्रेस की चार साल की सरकार हड़बड़ी में गड़बड़ी करे. आंध्रप्रदेश और हरियाणा ने हड़बड़ी की और बाद में उन्हें अपना फैसला वापस लेना पड़ा. छत्तीसगढ़ यह गलती नहीं करेगा. शराब एक सामाजिक बुराई है जिसे सिर्फ सरकारी घोषणा से बंद नहीं किया जा सकता. गुजरात ने शराब बंदी कर रखी है. वहां शराब की दुकानें नहीं हैं पर जो भी ब्रांड चाहिए मिल जाता है. छत्तीसगढ़ में शराब बंदी होगी पर इसमें समाज की बड़ी भूमिका होगी. यह कोई राजनीतिक स्टंट नहीं होगा. गांवों से इसकी शुरुआत हो चुकी है. उन्होंने दो टूक कहा कि जिस पार्टी ने अपने पंद्रह वर्षों के शासन में वादा नहीं निभाया वह कांग्रेस से सवाल कर रही है. रमन सरकार ने 15 साल में शराब बंदी क्यों नहीं की? 2100 रुपए क्विंटल धान खरीदी के वायदे का क्या हुआ? मुख्यमंत्री चिटफंड कंपनियों के ब्रांड अम्बेसेडर बने रहे और किसानों का करोड़ों रुपए डूब गया. सरकार ने उनका पैसा लौटाने की कोशिश क्यों नहीं की? छत्तीसगढ़ एक आदिवासी और जनजाति बहुल राज्य है. एक बड़े तबके को स्वयं शराब बनाने और उपयोग करने की संवैधानिक छूट है. सल्फी, महुआ और ताड़ी यहां के जनजीवन का हिस्सा हैं. इसका सदियों पुराना इतिहास है. शराब बंदी जैसे किसी कदम का कोई बहुत ज्यादा फर्क यहां नहीं पड़ने वाला. ज्यादा से ज्यादा यही होगा कि अंग्रेजी और देसी दारू की दुकानें बंद हो जाएंगी. सल्फी, ताड़ी, महुआ की तस्करी बढ़ेगी. लोग वैकल्पिक नशा तलाशेंगे. जहरीली शराब के मामले बढ़ेंगे. प्रतिबंधित ड्रग्स का कारोबार बढ़ेगा. सरकार को राजस्व की हानि होगी, सो अलग. वैसे भी बुराई शराब में नहीं, इसको पीने-पिलाने के तरीके में है. दिक्कत डिस्पोजेबल गिलास में कम पानी-ज्यादा दारू और पांच रुपए के चखने में है. जो हिसाब से पीते हैं, वो लंबा जीते हैं. वैसे भी शराब आज चाय-पानी जैसा व्यवहार हो गया है. वो बोतल खत्म होने तक नहीं पीते. हिसाब से एक या दो पेग लेते हैं. उन्हें पता है कि शराब में खूब पानी मिलाकर उसकी चुस्की लेनी चाहिए. वो जानते हैं कि गटागट नीट शराब पीने और सूखे चखने से डिहाइड्रेशन हो जाता है. ऐसे लोग इतना भी नहीं पीते कि हर किसी को 'तू भाई है अपना' कहने लगें. सलीके से पीने वालों को इतना नशा भी नहीं होता कि दिल की बात जुबान पर आ जाए. इसलिए बड़े लोगों की पार्टी में लफड़े-झगड़े भी कम ही होते हैं. बल्कि वहां पेग-दो-पेग में बड़े-बड़े सौदे हो जाते हैं. इसलिए बात शराब बंदी की नहीं बल्कि शराब पीने की सही तालीम की होनी चाहिए.



## संपादकीय

# बढ़ता समर्थन

अंतरराष्ट्रीय राजनय में यह भारत के लिए बहुत उपयोगी और मुफीद दौर है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र में भारत की जो तारीफ हुई है, उस पर अगर हम ध्यान दें, तो दुनिया में भारत के सशक्त होने का मार्ग प्रशस्त लगता है। सत्र के दौरान जो भारत ने कहा है या जो जवाब दिया है, उसके अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर के जो बयान आए हैं, उससे निश्चित ही भारत का मनोबल बढ़ता है। खास गौर करने की बात है कि विगत महीनों से भारत का जो रुख है, उससे यूक्रेन भी नाराज नहीं है और रूस भी खुश है। जहां एक ओर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारतीय नेतृत्व और नीतियों की तारीफकी है, तो वहीं रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के मुंह से भी भारत के लिए सराहना के शब्द निकले हैं। दरअसल, समकरकंद में मुलाकात के समय नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से साफ कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। इतनी स्पष्टता के साथ समझाने की उच्चस्तरीय कोशिश भारत ही कर सकता है। ऐसे बहुत से देश हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत से भी ज्यादा भूमिका है, लेकिन वे कतई ऐसा नहीं कह सकते, जैसा भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा है। दरअसल, नए-पुराने महाशक्ति देश तो साम्राज्यवादी तमन्ना लिए आगे बढ़ रहे हैं। कई तो ऐसे भी देश हैं, जिन्होंने बहुत पहले ही यह सोच रखा है कि आने वाले वर्षों में पड़ोसी देशों से क्या-क्या हड़प लेना है। ऐसे में, भारत अगर कह रहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है, तो दुनिया गौर से सुन रही है और सराहना भी कर रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भी माना है कि भारत टिकाऊ विकास लक्ष्य पाने में अहम भूमिका निभा सकता है। जमैका, गुयाना और पुर्तगाल ने भी भारत की खुलकर तारीफकी है। सबसे मानीखेज है, भारत के प्रधानमंत्री द्वारा दोटूक सलाह के बावजूद रूस नाराज नहीं है, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के बाद सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि उनका देश भारत को स्थायी सदस्यता के लिए योग्य उम्मीदवार मानता है। कहा जाता है कि अच्छा काम लौटकर आता है, तो अनेक देशों ने महामारी के दौरान भारत द्वारा दी गई मदद को याद किया और भारत का आभार जताया। द्विपक्षीय वार्ताओं में भारत की तारीफपहले भी होती थी, लेकिन महासभा के मंच से अगर भारत की तारीफका दौर शुरू हो, तो इससे भविष्य के लिए आशा जगती है। भारतीय विदेश मंत्री की साफगोई से ऐसा लगता है कि भारत सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए दिलोजान से जुट गया है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस द्वारा स्थायी सदस्यता के लिए मिले समर्थन के बाद भारत के विरोध में केवल चीन रह जाता है। जरूरी है कि भारत को विश्व मंचों पर खुला समर्थन मिले। भारत के निरंतर प्रयास के बाद ही महाशक्ति देश चीन को तैयार करने की पहल करेंगे। भारत अपने दायरे में रहने वाला उदार लोकतांत्रिक देश है, अत: उसे आगे बढ़ाने-लाने से छोटे-बड़े तमाम देशों को लाभ होगा। इसके अलावा भारत की बड़ी आबादी, उभरती अर्थव्यवस्था और उदारता के कारण भारत एक स्वाभाविक विश्व नेता के रूप में उभरेगा। इससे उस जरूरी गुटनिरपेक्षता को भी बल मिलेगा, जिसकी दुनिया में बुनियाद रखने में भारत का बड़ा योगदान था।

> “ संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि उनका देश भारत को स्थायी सदस्यता के लिए योग्य उम्मीदवार मानता है। कहा जाता है कि अच्छा काम लौटकर आता है, तो अनेक देशों ने महामारी के दौरान भारत द्वारा दी गई मदद को याद किया और भारत का आभार जताया। द्विपक्षीय वार्ताओं में भारत की तारीफपहले भी होती थी, लेकिन महासभा के मंच से अगर भारत की तारीफका दौर शुरू हो, तो इससे भविष्य के लिए आशा जगती है।

## कांग्रेस का गुजरात प्लान क्या है?

कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर गुजरात में भी यात्रा निकालने की घोषणा की है। लेकिन ऐसा तो वह हर राज्य में कर रही है। सवाल है कि गुजरात में दो महीने बाद होने वाले चुनाव के लिए उसकी क्या योजना है? वह किसकी कमान में चुनाव लड़ेगी, कौन चेहरा होगा और क्या राहुल गांधी चुनावी रैली में जाएंगे? राहुल अभी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं और उसी दौरान हिमाचल प्रदेश व गुजरात में विधानसभा के चुनाव होंगे। अपनी भारत यात्रा शुरू करने से पहले राहुल ने गुजरात में एक रैली की थी। इसके अलावा चुनाव तैयारियों में कांग्रेस ने कुछ नहीं किया है। इसके उलट आम आदमी पार्टी ने प्रदेश की राजनीति में अपने को भाजपा की मुख्य विपक्षी पार्टी के तौर पर स्थापित कर लिया है।

हर हफ्ते आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल गुजरात का दौरा कर रहे हैं। इस रविवार वे अपने साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी ले गए। उधर दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पांच दिन से गुजरात में परिवर्तन यात्रा कर रहे हैं। छह दिन की यह यात्रा बुधवार को शुरू हुई थी। आम आदमी पार्टी ने अपने तेजतर्रार नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को प्रदेश का सह प्रभारी बनाया है। इस तरह आम आदमी पार्टी के सारे बड़े नेता किसी न किसी बहाने गुजरात चुनाव से जुड़े हैं। कोई दिन ऐसा नहीं जाता है, जब गुजरात से आप की खबरें नहीं बन रही हैं। इसके उलट कांग्रेस कहीं दिखाई नहीं दे रही है। अगर राहुल गांधी वहां प्रचार के लिए नहीं जा सकते हैं तो पार्टी को प्रियंका गांधी वाड्रा को वहां भेजना चाहिए या दूसरे राष्ट्रीय नेताओं को गुजरात का दौरा करना चाहिए। लेकिन ऐसा कुछ कांग्रेस नहीं कर रही है।

> “ राज्य में पर्यटन की विकास की असीम संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशा निर्देश पर राज्य भर के प्राकृतिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का विकास किया जा रहा है। यहां के पर्यटन क्षेत्रों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने बहुआयामी विकास की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। जनजातीय अंचल की प्राकृतिक एवं कला-संस्कृति कों विश्वपटल पर लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

# देश के पर्यटन नक्शे में तेजी से उभर रहा है छत्तीसगढ़

मनोज सिंह, सहायक संचालक

**असीम संभावनाओं के साथ पर्यटकों को लुभा रहा है छत्तीसगढ़ का नैसर्गिक सौंदर्य**

**एतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक महत्व को समेटे हुए पर्यटकों की पहली पसंद बन रहा है छत्तीसगढ**

पर्यटन की दृष्टि से छत्तीसगढ़ अत्यंत समृद्ध राज्य है। छत्तीसगढ़ की धरती वन और खनिज संपदा से भरपूर तो है ही इसके साथ ही यहां की कला, संस्कृति और पर्यटन स्थल भी आकर्षण के केन्द्र है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गनिर्देशन में छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा प्रदेश में पर्यटन विकास एवं पर्यटकों की गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि कोविड महामारी के दौर से उबरने के बाद छत्तीसगढ़ में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2021 में भारतीय और विदेशी मिलाकर 1 करोड़ 15 लाख 32 हजार सैलानियों ने छत्तीसगढ़ का भ्रमण किया है।

छत्तीसगढ़ एक ऐसी पवित्र भूमि है, जहां वनवास काल में भगवान राम के चरण उत्तर में कोरिया जिले के सीतामढ़ी हरचौका से दक्षिण में सुकमा जिले के कोंटा तक पड़े। उत्तर से दक्षिण तक सात सौ किलोमीटर के विशाल क्षेत्र में फैला विविध प्रकार के प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक धरोहरों को समेटे हुए हैं। यहां की धरती वन, वन्यजीव, नदी, पर्वत-पहाड़ और झरनों जैसी प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। उत्तर के पाट क्षेत्र से दक्षिण की पहाडियों तक प्रकृति द्वारा उकेरे अनेक रमणीय प्राकृतिक स्थल और अनुपम सौंदर्य इस राज्य को प्रकृति का वरदान है।

भौगोलिक खूबसूरती और सांस्कृतिक विरासत को धारण किये इस छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं, यहां के प्राचीन विरासत ,धार्मिक स्थल और प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को सुखद अनूभूति देते हैं। छत्तीसगढ़ में सिरपुर,



भोरमदेव जैसे कई ऐसे पुरातात्विक एवं धार्मिक महत्व के स्थल है जो वास्तुकौशल की कला का अनुपम उदाहरण है। यहां के वास्तु सौंदर्य अपनी अद्भुत रचनात्मकता के कारण घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में अनगिनत ऐसे रमणीय प्राकृतिक स्थल विद्यमान हैं जो पर्यटकों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके अलावा बीते कुछ समय में राज्य के दुर्गम ईलाकों में कुछ नये प्राकृतिक स्थलों की पहचान भी की गई है जिनके विकास के प्रयास किये जा रहे हैं।इन पर्यटन स्थलों में पर्यटन की दृष्टि से नई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

राज्य में पर्यटन की विकास की असीम संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशा निर्देश पर राज्य भर के प्राकृतिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का विकास किया जा रहा है। यहां के पर्यटन क्षेत्रों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने बहुआयामी विकास की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। जनजातीय अंचल की प्राकृतिक एवं कला-संस्कृति कों विश्वपटल पर लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा से ग्रामीण पर्यटन का विकास किया जा रहा है। इन स्थलों में खान-पान एवं आवास की सुविधा युक्त होटल, मोटल, रिसार्ट एवं रेस्टोरेंट की सुविधा विकसित की जा रही है।

भगवान राम का ननिहाल छत्तीसगढ़, राम नाम की महिमा यहां की संस्कृति में रची बसी हुई है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में जब किसी से मिला जाता है तो राम नाम से संबोधन किया जाता है। यहां के कण-कण में राम का नाम बसा है। यहीं भगवान राम की माता '' माता कौशल्या'' का पूरे विश्व का एकमात्र मंदिर स्थित है। राजधानी रायपुर के निकट चंदखुरी स्थान पर यह मंदिर स्थित है। इस स्थान की महिमा और जनमानस में बसी भगवान राम की आस्था को देखकर राज्य सरकार द्वारा चंदखुरी का विकास पौराणिक कथाओं में दर्शाए गए वातावरण के अनुसार किया जा रहा है। वनवास के दौरान भगवान का राम के चरण जिस-जिस स्थान पर पड़े उन राममय क्षेत्र का विकास ''राम वनगमन पर्यटन परिपथ विकास परियोजना'' के माध्यम से किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा राम वनगमन पर्यटन परिपथ के 75 स्थलों को चिन्हित किया गया है। प्रथम चरण में 9 स्थलों सीतामढ़ी-हरचौका (कोरिया), रामगढ़ (सरगुजा), शिवरीनारायण (जांजगीर-चांपा), तुरतुरिया (बलौदाबाजार), चंदखुरी (रायपुर), राजिम (गरियाबंद), सिहावा-सप्तऋषि आश्रम (धमतरी), जगदलपुर (बस्तर) और रामाराम (सुकमा) में 'राम वनगमन पर्यटन परिपथ' के रूप में नई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। पूरे परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया जा रहा है। राम वन गमन पर्यटन परिपथ लम्बाई लगभग 2260 किलोमीटर है जिसका निर्माण, चौड़ीकरण एवं मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। यहां पर्यटकों के ठहरने, भोजन, पानी, पार्किंग आदि की व्यवस्था के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा कार्य किया जा रहा है।

राज्य के डोंगरगढ़ पहाड़ी पर माता बम्लेश्वरी देवी विराजमान है। यह पहाड़ी राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ नगर में स्थित है। माँ बम्लेश्वरी की इस नगरी डोंगरगढ़ को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने प्रसाद योजना में शामिल किया है। इस योजना के तहत् डोंगरगढ़ का महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में व्यवस्थित विकास का काम हाथ में लिया गया है। यहां श्रद्धालुओं के लिए ''श्रीयंत्र'' के बनावट के अनुरूप पिलग्रिम एक्टिविटी सेंटर (श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केन्द्र) का निर्माण किया जा रहा है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत् छत्तीसगढ़ के 13 स्थानों पर 'ट्राइबल टूरिज्म सर्किट' विकसित की जा रही है। इस परियोजना के तहत् जशपुर, कुनकुरी ,मैनपाट, कमलेश्वरपुर, महेशपुर, कुरदर, सरोधादादर, गंगरेल, नथियानवागांव, कोण्डागांव, जगदलपुर, चित्रकोट और तीरथगढ़ को विकसित किया जा रहा है। इनमें से कुरदर हिल ईको रिसॉर्ट कुरदर (बिलासपुर), बैगा एथनिक रिसॉर्ट सरोधादादर (कबीरधाम), धनकुल एथनिक रिसॉर्ट (कोण्डागांव), सरना एथनिक रिसॉर्ट बालाछापर (जशपुर), कोईनार हाइवे ट्रीट कुनकुरी (जशपुर), हिल मैना हाईवे ट्रीट नथियानवागांव (कांकेर), सतरेंगा बोट क्लब एंड रिसॉर्ट सतरेंगा (कोरबा) और वे साइड अमेनिटी महेशपुर (सरगुजा) में पर्यटन सुविधाएं विकसित की गई हैं।

पर्यटकों की सुविधा के लिए उच्च स्तरीय पर्यटन सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थानों पर एथनिक रिसॉर्ट, कॉटेज,वॉटर स्पोर्ट्स जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यहां राष्ट्रीय उद्यान एवं वन्य प्राणी अभ्यारण्यों के साथ-साथ गौरवशाली लोक संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण भी है। बस्तर क्षेत्र में कुटुमसर गुफा एवं कांगेर घाटी, राष्ट्रीय उद्यान, चित्रकोट जलप्रपात महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है जो अपनी अद्भुत छटा के कारण पर्यटकों का दिल जीत रहे हैं। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के बारे में पर्यटकों को सुलभ जानकारी उपलब्ध कराने तथा पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए व्यक्तिगत एवं टूर पैकेज के अन्तर्गत आरक्षण की सुविधा प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा नई दिल्ली, गुजरात मध्य प्रदेश के अतिरिक्त प्रदेश में 11 स्थानों पर पर्यटन सूचना केन्द्र स्थापित किया गया है।

# ऐतिहासिक व पुरातात्विक महत्व के कारण सैलानियों के आकर्षण का केंद्र है सिरपुर

शशिरत्न पाराशर, सहायक संचालक

मनोज सिंह, सहायक संचालक

**ईको टूरिज़्म के क्षेत्र में कोडार को मिल रही है अलग पहचान**

**शिशुपाल पर्वत पर्यटकों की ट्रैकिंग का नया प्वाइंट, सैलानियों का बढ़ रहा रुझान**

27 सितंबर, दिन मंगलवार को 42वां विश्व पर्यटन दिवस मनाया जा रहा हैं। वर्ष 2022 में विश्व पर्यटन दिवस की थीम 'पर्यटन पर पुनर्विचार' रखी गई है। विश्व पर्यटन दिवस मनाने की खासियत यह है कि पर्यटन दिवस के महत्व को समझाने और हर साल लोगों को विभिन्न तरीकों से जागरूक करने के लिए अलग-अलग थीम रखी जाती है, जिससे देश-विदेश के नागरिक पर्यटन से जुड़ने लगते हैं और वो दूसरे देश या जगह पर घूम-फिर कर रोमांचित होते है और अपनी खुशियों का इजहार करते हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में पूरे छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद ज़िले में भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर्यटकों की सुविधा में विस्तार करने के लिए मोटल्स और रिसोर्ट को लीज पर दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही समय-समय पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।



महासमुंद जिले में स्थित सिरपुर को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय हेरिटेज के रूप में विकसित करने और ज्यादा पहचान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कटिबद्ध है। इसके लिए लगातार निर्माण एवं विकास कार्य भी किए जा रहे है। सिरपुर लगभग 10 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और जहां विस्तारित बौद्ध केन्द्र स्थापित है और सिरपुर शिव, वैष्णव, बौद्ध धर्मों का प्रमुख केन्द्र भी है। सिरपुर को डोंगरगढ़ और मैनपाट के टूरिज्म सर्किट से जोडने् की पहल शुरू कर दी गई है। पर्यटन सर्किट से जुड़ जाने से इस ओर सैलानियों का ज़्यादा रूझान बढ़ेगा।

सिरपुर अपनी ऐतिहासिक व पुरातात्विक महत्ता के कारण लगातार आकर्षण का केंद्र बना रहा है। यह पांचवी से आठवीं शताब्दी के मध्य दक्षिण कोसल की राजधानी थी। यह स्थल पवित्र महानदी के किनारे पर बसा हुआ है। सिरपुर में सांस्कृतिक व वास्तुकौशल की कला का अनुपम संग्रह हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल माह अप्रैल में सिरपुर बौद्ध महोत्सव में शामिल हुए थे। उन्होंने सिरपुर के विकास के लिए 213.43 लाख के कार्यों की घोषणा की। इनमें 25 लाख रुपए से भव्य स्वागत गेट का निर्माण, 73.15 लाख रुपए से सिरपुर मार्ग पर 04 तालाबों का सौंदर्यीकरण, 45.28 लाख रुपए से सिरपुर मार्ग पर 05 सुन्दर सुगंधित कोशल्या उपवन निर्माण, कोडार-पर्यटन (टैटिंग व बोटिंग) 31.76 लाख रुपए, कोडार जलाशय तट पर वृक्षारोपण 17.38 लाख रुपए से और सिरपुर के रायकेरा तालाब के लिए 30.86 लाख रुपए की लागत से बनाए गया है। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप अधिकांश काम पूरे हो गए। सैलानियों के लिए रायकेरा तालाब में बोटिंग महात्मागांधी की जयंती से शुरू हो गयी है ।

सिरपुर पहले से ही प्राकृतिक दृश्यों से भरपूर है। वृक्षारोपण के ज़रिए इसे और भी हरा-भरा किया जा रहा है। पर्यटकों के विश्राम सुविधा के लिए पाँच सुगंधित फूलों वाली सुंदर कौशिल्या उपवन वाटिकाएं तैयार हो गई है। इन उपवनों में प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ, भजन कीर्तन स्थानीय मंडलियों द्वारा किया जा रहा है। वृक्षारोपण में बेर, जामुन, पीपल, बरगद, नीम, करंज, आंवला आदि के पौधें शामिल किए गए है। ताकि ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ लोगों को जैव विविधता का ऐहसास भी हो। इस इलाके में राम वन गमन पथ में छह ग्राम पंचायतों को मुख्य केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसमें अमलोर, लंहगर, पीढ़ी, गढ़सिवनी, जोबा व अछोला शामिल है। सड़क के दोनों किनारों पर फलदार, छायादार पौधें लगाए जा रहे है।

इसी प्रकार महासमुंद के बलिदानी वीर नारायण सिंह जलाशय कोडार में बोटिंग सुविधा के साथ कैंपिंग लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वन चेतना केंद्र कुहरी, इको पर्यटन कोडार जलाशय में विभिन्न विभागों के द्वारा सैलानियों के सुख-सुविधा के लिए अपने-अपने स्तर से विभिन्न सामग्रियां मुहैया कराई गयी है।

इको पर्यटन केंद्र में 39 लाख की लागत से काम कराया गया है। कोडार जलाशय में नौका विहार के लिए बोटिंग की सुविधा सैलानियों को उपलब्ध है। वहीं कम दाम पर टैंट में ठहरने के इंतजाम भी किए गए हैं। डिफलहाल चार टेंट लगाए गए है । एक टेंट में दो व्यक्तियों के सोने और आराम करने के लिए पर्याप्त जगह है। पर्यटकों और बच्चों के लिए क्रिकेट, वालीबाल, कैरम, शतरंज के साथ ही निशानेबाजी की सुविधा भी इस इको पर्यटन केंद्र में उपलब्ध है। कोडार जलाशय नेशनल हाईवे-53 से नजदीक होने के कारण आने-जाने वाले लोगों को यहां सुकून का अनुभव होता है।

महासमुंद जिले के सरायपाली स्थित शिशुपाल पर्वत पर्यटकों की ट्रैकिंग का नया प्वाइंट बन गया है। इसी पहाड़ के ऊपर राजा शिशुपाल का महल हुआ करता था। जब राजा को अंग्रेजो ने घेर लिया तब राजा ने अपने घोड़े की आंख पर पट्टी बांधकर पहाड़ से छलांग लगा दी थी। इसी कारण इस पहाड़ को शिशुपाल पर्वत और यहां के झरने को घोड़ाधार जलप्रपात कहा जाता है। ये राजधानी रायपुर से करीब 157 किमी की दूरी पर और सरायपाली से 30 किमी की दूरी पर स्थित है।


ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग
ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास , दुर्ग

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239


कोठारी ज्वेलर्स
सोने-चांदी के आभूषणों के विक्रेता एवं निर्माता
जवाहर चौक, दुर्ग 491001
0788-2249990
94252-42323 नितिन
98261-29990 पवन
93029- 29990

महक सेनीटेशन


सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






# मंत्री उमेश पटेल ने सी-मार्ट एवं सिटी सर्विलांस सिस्टम का किया शुभारंभ



## सिटी सर्विलांस सिस्टम अपराधों को रोकने में होगा मददगार

मंत्री उमेश पटेल ने सिटी सर्विलांस सिस्टम का अवलोकन किया। इसके लिए उन्होंने पुलिस प्रशासन की सराहना की। सिटी सर्विलांस सिस्टम के तहत शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों एवं प्रवेश मार्गों में उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया गया है। जिससे शहर के अंदर प्रवेश करने एवं बाहर जाने वाले सभी लोगों, वाहनों आदि पर सतत सूक्ष्म निगाह रखी जा सकती है। इसके अलावा शहर की यातायात व्यवस्था को भी इसी सिस्टम के माध्यम से संपादित किया जा सकता है। सर्विलांस सिस्टम स्थापित होने से शहर के प्रमुख मार्ग अथवा चौक चौराहा में किसी भी प्रकार की चोरी, लूट, हत्या जैसे गंभीर अपराधों की सूचना तुरंत पुलिस को मिल जाएगी एवं इस सिस्टम के जरिए अपराधियों की भी पहचान करने में बहुत आसानी होगी। साथ ही किसी धरना, जुलूस आदि की भीड़ में शामिल होकर किसी भी प्रकार के उपद्रव अथवा अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने आज जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के बुनियादी स्कूल परिसर में स्थित सी-मार्ट एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम में सिटी सर्विलांस सिस्टम का शुभारंभ किया। उन्होंने सी-मार्ट में रखें उत्पादों को देखकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह सी-मार्ट आत्मनिर्भरता की पहचान बनकर उभरेगा। इससे महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों की आमदनी में निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगा।

सी-मार्ट में हल्दी, मिर्च, पापड़, चिप्स, बड़ी, आचार, मिक्चर, फिनाइल, हैंडवॉश, वॉशिंग पाउडर, अगरबत्ती, धूप, दोना पत्तल, झाड़ू एवं मिट्टी के बर्तन उपलब्ध रहेंगे।

यह उत्पाद जिले के विभिन्न गौठान में स्थित आजीविका सेंटर में कार्य करनें वाली महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा तैयार किए गए हैं। इसी के साथ ही सी-मार्ट में वन विभाग के मशहूर ब्रांड छत्तीसगढ़ हर्बल के भी विभिन्न उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय, अध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद सुरेंद्र शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला कलेक्टर रजत बंसल, पुलिस अधीक्षक दीपक झा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज का रोमांच, भारतीय टीम का छत्तीसगढ़ी अंदाज में स्वागत, आज होंगे दो मैच

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधारनी रायपुर में मंगलवार से लीजेंड्स क्रिकेटरों का रोमांच देखने को मिलेगा। मंगलवार को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में श्रीलंका लीजेंड्स-बांग्लादेश लीजेंड्स का मैच दोपहर 3.30 बजे होगा। वहीं शाम 7.30 बजे से इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का मैच होगा। सीरीज के सेमीफाइनल मुकाबले के लिए भारतीय टीम भी रायपुर पहुंच गई है। सोमवार को रायपुर एयरपोर्ट से लेकर रिजॉर्ट तक भारतीय सितारों का छत्तीसगढ़िया अंदाज में स्वागत किया गया।

बता दें रोड़ सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के शुरुआती मैच इंदौर, लखनऊ व देहरादून में खेले गए थे। इस सीरीज के सेमी फाइनल में भारत ने पहले ही प्रवेश कर लिया है। वहीं मंगलवार को रायपुर में अंतिम दो लीग मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों के नतीजों के बाद सेमीफाइनल की टीमें फाइनल हो जाएंगी। अब इस सीरीज में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। दो मैच रद्द होने के बाद भी भारतीय टीम ने अपने अन्य मुकाबले जीते हैं।

## भातर व वेस्टइंडीज की टीमें पहुंची

सोमवार को रायपुर एयरपोर्ट पर भारत व वेस्टइंडीज की टीमें पहुंची थी। इस दौरान एयरपोर्ट पर फैन्स की कतार लगी हुई थी। हर कोई अपने चहेते स्टार को देखना चाहता था। सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा के साथ युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, नमन ओझा, प्रज्ञान ओझा, सहित सभी क्रिकेटर रायपुर पहुंचे।

इस दौरान एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। एयरपोर्ट से सीधे टीमों को रिसोर्ट ले जाया गया जहां छत्तीसगढ़ अंदाज में खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। ऐसे स्वागत से खिलाड़ी भी गदगद हो गए।

## श्रीलंका बांग्लादेश और इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के मैच

सीरीज के दौरान मंगलवार को राजधानी के शहीद वीर नारायण सिहं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका लीजेंड्स-बांग्लादेश लीजेंड्स का मैच दोपहर 3.30 बजे होगा। इस मैच के बाद शाम 7.30 बजे से इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का मैच खेला जाएगा। 27 सितंबर को रायपुर स्टेडियम में यह दोनों मैच फ्री में देख सकेंगे। पहले दिन होने वाले मैचों के लिए कोई फीस नहीं ली जाएगी। 28 व 29 सितंबर को सेमीफाइनल व 1 अक्टूबर को फाइनल मैच होंगे जिसमें टिकट लगेगा।

## खास खबर

### घट स्थापना के साथ विराजित हुईं शक्ति स्वरूपा

**कोरबा।** अश्विन नवरात्र प्रारंभ के साथ वातावरण भक्ति और आस्था से सराबोर हो गया है। शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना शहर और अंचल में की गई है। यह सिलसिला रात्रि तक चलेगा। मंदिरों और आयोजन स्थलों पर घट स्थापना व ज्वारा बोए गए हैं। पूरे नौ दिन तक मनाए जाने वाले नवरात्र पर्व को लेकर सभी आवश्यक तैयारी की गई है। सुरक्षा के प्रबंधों की समीक्षा के साथ इस दिशा में जोर दिया गया है। शक्ति की उपासना के लिए क्वांर नवरात्र को जाना जाता है। शुम्भ अशुम्भए महिषासुर और रक्तबीज जैसे राक्षसों का अंत करने के लिए देवी ने शक्ति की आराधना अतीत में की थी और इनके समन्वित प्रयासों से विजय का वरण किया था। तब से नवरात्र पर्व को इसी रूप में मनाने की परंपरा है। कोरबा के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में शक्ति की उपासना का यह पर्व आज से प्रारंभ हो गया। मिली.जुली संस्कृति की तस्वीर इसमें नजर आ रही है। अनेक स्थानों पर आज विशेष मुहूर्त में घट स्थापना के साथ ज्वारे बोए गए और शक्ति स्वरूपा की जागृत प्रतिमाओं की स्थापना की गई। बीज मंत्र और शास्त्रोक्त विधि के साथ इसे पूर्ण किया गया। पुरोहितों और उनके ऋत्विक इस कार्य को संपादित करा रहे हैं। रात्रि तक विभिन्न क्षेत्रों में यह परंपरा चलेगी और इसके जरिए देवी प्रतिमा अपने गृह में विराजित होंगीं। आज से अगले नौ दिन तक शक्ति के नौ अलग-अलग स्वरूप की पूजा अर्चना मंदिरों के साथ-साथ पूजा मंडपों में की जाएगी और कुल मिलाकर इस दौरान निर्दिष्ट लक्ष्य व उद्देश्य के लिए देवी का स्मरण किया जाएगा। सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति आरती व अन्य कार्यों के लिए दर्ज होगी। समितियों ने इन कार्यों को संपन्न करने के लिए उप स्तर पर समितियां बनाई है।

# गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने रिसाली क्षेत्र में किया करोड़ों के विकास कार्य का भूमिपूजन

## 80 लाख से संवरेगा शिवपारा का तालाब, उतई रोड से नेवई भाठा मार्ग 32 साल बाद हुआ रोशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। दुर्ग ग्रामीण विधायक व लोक निर्माण व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने 4 करोड़ 27 लाख 93 हजार का भूमिपूजन रिसाली निगम क्षेत्र में किया। वहीं एक दिन पहले रविवार को नेवई भाठा में 35 लाख का लोकार्पण किया। उतई मुख्यमार्ग से नेवई भाठा मार्ग 32 साल बाद रोशन हुआ। उन्होंने स्ट्रीट लाइट का मेन स्वीच शुरू कर एलईडी लाइट चालू कर मार्ग को रोशन किया। उल्लेखनीय है कि गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू विधायक बनते ही रिसाली निगम क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे वार्ड 32 नेवई भाठा होते ऊमरपोटी पहुंच मार्ग का पहले डामरीकरण कराया था।



खास बात यह है कि पहले यह मार्ग कच्चा था। डामरीकरण और स्ट्रीट लाइट होने से नेवई भाठा समेत ऊमरपोटी के नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। इस दौरान गृहमंत्री ने नेवई भाठा में बने सार्वजनिक दुर्गा मंच का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू, पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, महापौर परिषद के सद्स्य चंद्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, विलास राव बोरकर, अनूप डे, सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुकुंद भाऊ, एल्डरमेन संगीता सिंह, वार्ड पार्षद धर्मेन्द्र भगत, गजेन्द्री कोठारी, रेखा देवी, पार्वती महानंद, ओम प्रकाश मिर्झा, रंजीत बेनुआ, सारिका साहू, ममता यादव, संजू नेताम, जमुना ठाकुर, सरिता देवांगन, विनय नेताम, जाहीर अब्बास, अनिल कुमार, सीमा साहू, रोहित कुमार, एल्डरमेन तरूण बंजारे, मो. निजाम, संध्या वर्मा, संतू दास, शिशिर साहू, अजीत कुमार एवं जी राहुल आदि उपस्थित थे।

### 80 लाख से संवरेगा तालाब

स्टेशन मरोदा शिवपारा वार्ड 17 स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण करने गृहमंत्री ने भूमिपूजन किया। इस कार्य में 80 लाख रूपए खर्च किया जाएगा। आज सोमवार को गृहमंत्री ने वार्ड 23 प्रगतिनगर में सीमेंटीकरण कार्य 8 लाख, नाला निर्माण कार्य 24.50 लाख, वार्ड क्र. 30 इस्पात नगर रिसाली में विभिन्न स्थानों में पेव्हर ब्लाक व रोड निर्माण 8 लाख, इस्पात नगर बेडमिंटन कोर्ट लोकार्पण 8 लाख, मिलपारा में सीसी रोड 20 लाख, वार्ड क्र. 11 मरोदा सेक्टर पूर्व में नाली निर्माण 6 लाख, फुटपाथ निर्माण 10 लाख, मरोदा सेक्टर पश्चिम वार्ड क्र. 12 में चबुतरा निर्माण 12 लाख, नाली निर्माण 14.44 लाख, वार्ड 17 शिव पारा स्टेशन मरोद में नाली निर्माण 4 लाख, वार्ड 17 में सीसी रोड निर्माण 4 लाख, वार्ड 18 में सीसी रोड निर्माण 7.61 लाख ।

### मंत्री जी का जोशिला स्वागत, तौला लड्डुओं से

सोमवार को दोपहर बाद गृहमंत्री पुरैना पहुंचे और अस्पताल भवन का लोकार्पण किए साथ ही 2.5 करोड़ का भूमिपूजन किया। इस दौरान गृहमंत्री का भव्य स्वागत करते नागरिकों ने गृहमंत्री का लड्डुओं से तौला।

उन्होंने वार्ड क्र. 38 स्टोर पारा में गणेश मंच निर्माण 24.05 लाख, सीसी रोड लाख 5, नवीन जीम भवन 7 लाख, सीसी रोड 14 लाख, नाली निर्माण 3 लाख, नाली निर्माण 10.11 लाख, नाली निर्माण 14.40 लाख, सीसी रोड 15.20 लाख, विद्युतीकरण 4.10 लाख, पुलिया निर्माण 1.90 लाख, रोड मरम्मत 2 लाख, आंगनबाड़ी भवन 6.45 लाख का भमिपूजन किया।

इसी तरह वार्ड 39 में पुलिया निर्माण 1.26 लाख, सीसी रोड 7.50 लाख, सीसी रोड 2.72 लाख, सीसी रोड 3.26 लाख, नाली निर्माण 2.02 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 2.04 लाख, पुलिया निर्माण 1.50 लाख, मंच निर्माण 1 लाख, मंच निर्माण 1.04 लाख, आरसीसी रोड निर्माण 1.15 लाख, मंच संधारण 1.10 लाख, आंगनबाड़ी भवन 6.45 लाख, आदिवासी सामाज भवन 10 लाख और वार्ड क्र. 40 में नाली निर्माण 3.99 लाख, रोड निर्माण 3.60 लाख, सीसी रोड 15 लाख, सीसी रोड 10 लाख, सीसी रोड 19.14 लाख, नाली निर्माण 11.50 लाख, प्रकाश व्यवस्था 4.07 लाख, सीसी रोड 2.88 लाख, सीसी रोड 1.05 लाख, ट्युबर पोल 6.73 लाख, उत्कल सामाज भवन 10 लाख, पेवर ब्लाक 3 लाख, मंदिर शेड निर्माण 6 लाख का भूमिपूजन किया गया।

# एनिमिया मुक्त जशपुर हेतु स्कूल आंगनबाड़ियों में बच्चों को आयरन टेबलेट का कराया जा रहा सेवन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओ स्कूल, आश्रम छात्रावास, आंगनबाड़ियों में एनिमिया मुक्ति के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी संस्थानों में बच्चों का हीमोग्लोबिन जांच एवं आयरन टेबलेट का सेवन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जे.के.प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री अरुण पांडे, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला मिशन समन्वयक श्री नरेन्द्र सिन्हा द्वारा स्कूल एवं आंगनबाड़ियों का निरीक्षण कर बच्चों को टेबलेट सेवन की जानकारी ली। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से टेबलेट का सेवन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। डीईओ श्री प्रसाद ने महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों का निरीक्षण कर शाला में बच्चों को एनीमिया व कुपोषण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उनकी उपस्थिति में बच्चों द्वारा एनीमिया मुक्ति हेतु आयरन टेबलेट के सेवन किया गया। राजीव गांधी शिक्षा मिशन के श्री सिन्हा द्वारा भी स्कूलों का निरीक्षण कर वहाँ विद्यार्थियों को कुपोषण स्तर में कमी लाने हेतु आयरन टेबलेट सेवन हेतु प्रेरित किया गया।

इसी प्रकार डीपीओ श्री पांडे द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में किशोरी बालिकाओं को आयरन टेबलेट के सेवन से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। उन्होंने सभी को कुपोषण स्तर में कमी लाने हेतु भोजन में स्थानीय भाजी, मुनगा, एवं हरी सब्जियों का सेवन करने की समझाईश दी साथ ही पोषण आहार के तहत मिलने वाले रेडी टू इट एवं गर्म भोजन का भी नियमित रूप से सेवन करने के लिए कहा। इस दौरान केंद्र में उपस्थित किशोरी युवतियों को आयरन टेबलेट का सेवन कराया गया।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट में इलाज हेतु पहुंचने वाले लोगों को बेहतर सेवाएं दी जाएः महापौर

## मोबाइल मेडिकल यूनिटों में जांच व इलाज की बेहतर सुविधाएं निर्वाध रूप से बनी रहे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सुबह आयुक्त प्रकाश सर्वे ने वार्ड 21 तितुरडीह शहीद भगत सिंह स्कूल वार्ड क्षेत्र में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट में पहुँचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत निगम क्षेत्र में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिटों में जांच व इलाज की बेहतर सुविधाएं निर्वाध रूप से बनी रहे।



जांच व इलाज कराने आए लोगों की समुचित जांच व उनका उचित इलाज हो, यथा संभव उन्हें सभी दवाईयाँ शिविर में ही उपलब्ध कराई जाए, यूनिट में दवाईयों की उपलब्धता बनी रहे, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि वार्डो में लगने वाले कैम्प निर्धारित समय में लगे कैम्प की पूर्व सूचना लोगों को दी जाए, इस हेतु आवश्यक कदम उठाएं।निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं अन्य के साथ आज मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा उक्ताशय के निर्देश अधिकारियों को दिए । यहाँ उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में 04 मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित हैं, जो निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्ड व बस्तियों में पहुंचकर मेडिकल कैम्प लगाती हैं तथा इन कैम्पों के माध्यम से नागरिकों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों व स्वास्थ्य समस्याओं का मुफ्त इलाज किया जाता है।

आयुक्त प्रकाश सर्वे ने वार्ड क्र 21 तितुरडीह शहीद भगत सिंह स्कूल पहुंचकर वहाँ पर संचालित किए जा रहे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया, उन्होने यूनिट में स्थापित लैब, डॉक्टर कक्ष, ओ. पी. डी. आदि का अवलोकन करते हुए रिकार्ड पंजी व यूनिट की अन्य व्यवस्थाओं का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं को देखा। उन्होने यूनिट में पदस्थ डॉक्टर व अन्य मेडिकल स्टाफ से चर्चा की, दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तथा निर्देशित करते हुए कहा योजना का पूर्ण लाभ लोगों को मिले, हमारी जिम्मेदारी।






## खास खबर

### उद्यानिकी कृषकों को 3 लाख रूपए तक ब्याज मुक्त ऋण

**रायपुर।** उद्यानिकी कृषकों को 3 लाख रूपए तक की सीमा तक अल्पकालीन ऋण ब्याज मुक्त होगा। मत्स्य पालकों, मत्स्य समूहों एवं मत्स्य समितियों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप उद्यानिकी कृषकों एवं मत्स्य पालकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के परिपालन में सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी ऋण पर ब्याज अनुदान नियम 2021 में संशोधन के लिए जारी अधिसूचना का प्रकाशन राजपत्र में किया गया है।

उद्यानिकी फसलों के लिए किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण की भांति एक अप्रैल 2022 से ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा एवं उस ऋण पर ब्याज अनुदान देय होगा। इसी तरह राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार मछली पालन को कृषि के समान संस्थागत ऋण सहायता प्रदान की जाएगी। मछली पालन विभाग द्वारा 2 अगस्त 2021 को जारी आदेश के अनुसार मत्स्य पालकों, मत्स्य समूहों व संगठनों को अल्पकालीन कृषि ऋण पर ब्याज अनुदान देय होगा। इस आशय की अधिसूचना का प्रकाशन भी 14 सितम्बर राजपत्र में कर दिया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार कृषकों को प्रभारित ब्याज दर में से प्रभावशील ब्याज दर घटानें के साथ शेष राशि की प्रतिपूर्ति भी अनुदान के रूप में राज्य शासन द्वारा सहकारी बैंकों एवं समितियों को की जाएगी। उद्यानिकी कृषकों 3 लाख रूपए तक का अल्पकालीन ऋणब्याज मुक्त होगा।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1214.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1214.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 26 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2348.6 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 563.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 933.6 मिमी, बलरामपुर में 929.0 मिमी, जशपुर में 961.7 मिमी, कोरिया में 855.4 मिमी, रायपुर में 871.2 मिमी, बलौदाबाजार में 1128.2 मिमी, गरियाबंद में 1217.7 मिमी, महासमुंद में 1130.4 मिमी, धमतरी में 1267.5 मिमी, बिलासपुर में 1412.2 मिमी, मुंगेली में 1274.3 मिमी, रायगढ़ में 1154.8 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1334.2 मिमी, कोरबा में 1177.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1054.3 मिमी, दुर्ग में 933.2 मिमी, कबीरधाम में 1100.3 मिमी, राजनांदगांव में 1198.9 मिमी, बालोद में 1260.0 मिमी, बेमेतरा में 700.3 मिमी, बस्तर में 1739.3 मिमी, कोण्डागांव में 1236.9 मिमी, कांकेर में 1501.8 मिमी, नारायणपुर में 1406.9 मिमी, दंतेवाड़ा में 1773.7 मिमी और सुकमा में 1525.9 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# आयुष्मान से महिलाओं के इलाज में देश में छत्तीसगढ़ अव्वल

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने नई दिल्ली में किया सम्मान

**रायपुर (ए)।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में छत्तीसगढ़ देश में सबसे ज्यादा शासकीय अस्पतालों को पंजीकृत करने वाला राज्य है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से महिलाओं के इलाज में छत्तीसगढ़ देश में सबसे आगे रहा। स्वास्थ्य को लेकर राज्य की उपलब्धियों पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने राज्य को सम्मानित किया। नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन कार्यक्रम में राज्य की ओर से स्वास्थ्य सचिव प्रसन्ना आर, स्वास्थ्य सेवाएं के संचालक भीम सिंह व राज्य नोडल एजेंसी के उपसंचालक डॉ. श्रीकांत राजिमवाले ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।




बता दें राज्य में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से इलाज लेने वाले कुल हितग्राहियों में 58 फीसदी महिलाएं हैं। छत्तीसगढ़ की इस उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। महिलाओं को इतनी बड़ी संख्या में योजना के माध्यम से उपचार देने में छत्तीसगढ़ देश में सबसे आगे रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा प्रदेश को आयुष्मान उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया है। इसके साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में छत्तीसगढ़ ने नौ हजार से ज्यादा शासकीय अस्पतालों का पंजीयन कर लिया है। इसके लिए भी राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर आयुष्मान उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### क्या है डिजिटल मिशन

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से इलेक्ट्रानिक हेल्थ कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस कार्ड के जरिए मरीज की जांच से संबंधित सारे दस्तावेज आनलाइन उपलब्ध रहेंगे। कार्ड के माध्यम से इन दस्तावेजों को किसी भी अस्पताल के चिकित्सक देख सकेंगे। साथ ही अपने मोबाइल पर मरीज खुद भी अपनी जांच से संबंधित सभी दस्तावेज देख सकेगा। यह कार्ड मरीज को दस्तावेजी औपचारिकताओं से निजात दिलाएगा। छत्तीसगढ़ में इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

### पूर्व में भी मिले है चार पुरस्कार

आयुष्मान भारत योजना को लेकर जहां राज्य दो श्रेणियों राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हुआ है। पिछले वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर चार श्रेणियों मे राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर पर पिछले वर्ष छह श्रेणियां तय की गई थी, जिनमें से चार में छत्तीसगढ़ को पुरस्कार मिला है।

आयुष्मान भारत योजना का राज्य में बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर राज्य की सराहना हुई है। योजना से 100 प्रतिशत हितग्राहियों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं।

**-डॉ. श्रीकांत राजिमवाले, राज्य नोडल अधिकारी, आयुष्मान भारत**

बेजुबानों की सेवा कर रहीं तनुश्री

## रोजाना कराती हैं गायों, कुत्तों और बिल्लियों को भोजन

**रायपुर (ए)।** एनिमल एक्टिविस्ट और एनिमल लवर तनुश्री तिवारी पिछले सात सालों से बेजुबान जानवरों की सेवा कर रही है। यह प्रेरणा उन्हें अपनी मां रेखा तिवारी से मिली। तनुश्री द्वारा बेजुबानो को नियमित रूप से भोजन कराने में उनके माता-पिता का भरपूर सहयोग रहता है। वह जानवर का इलाज करवाती हैं।

तनुश्री स्कूल, कालेज के समय से ही सेवा कर रही हैं। बीमार जानवरों के साथ रह कर उनकी सेवा में दिन-रात निकल जाया करते थे। इसके चलते उसकी पढ़ाई होना भी न के बराबर था। तनुश्री ने बताया कि जब वह छोटी थी तो उनकी मां रोजाना कुत्तों, बिल्लियों और गायों को खाना खिलाती थीं। जरूरतमंद जानवरों के लिए आश्रय बनाना उनका सपना है।

जब लॉकडाउन शुरू हुआ तो रायपुर शहर के कुछ इलाकों में डेढ़ से दो सौ कुत्तों, गायों आदि को खाना खिलाना शुरू किया। इसके पहले से ही अपने 20 कुत्तों को खाना खिलाया करती थी। विवेकानंद महाविद्यालय में नेक कार्यों के लिए कई पुरस्कार जीते। जानवरों के लिए सामाजिक कल्याण में विशेष योगदान रहा।




तनुश्री गैर सरकारी संगठन से नहीं है। इस कार्य के लिए सरकार से कोई अनुदान या धन भी नहीं मिलता। उनके संपर्क में कुछ अच्छे लोग हैं जो जानवरों की सेवा के लिए हर माह कुछ राशि का योगदान करते हैं। तनुश्री रोजाना जरूरतमंद जानवरों का इलाज करवाती हैं, खाना तैयार करती हैं और बिस्किट के पैकेट और फर्स्ट एड किट रखकर चलती हैं। कई क्षेत्रों में सीमेंट के पानी के सकोरे रखे।

तनुश्री ने वर्ष 2018 में कुत्तों की नसबंदी करवाना प्रारंभ किया। अब तक 70 कुत्तों की नसबंदी करवा चुकी हैं। उन्होंने कैंसर पीड़ित कुत्तों को भी बचाया है। हर साल आसपास के कुत्तों को रेबीज की टीका लगवाती हैं।

अग्रसेन जयंती पर अग्रसेन महाविद्यालय में हुई महाआरती

## एक-दूसरे के सहयोग का संकल्प लेते हुए समाज की समृद्धि में अपना योगदान दें: सन्नाी अग्रवाल

**रायपुर (ए)।** अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती में महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर आमंत्रित अतिथियों द्वारा महाराज अग्रसेन के साहस और शौर्य का गौरवपूर्ण स्मरण किया गया, जिन्होंने अपने समुदाय की सुख-समृद्धि के लिए अनुकरणीय आदर्श स्थापित किये। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल तथा वार्ड के पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष तथा अग्रसेन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी, समाज के वरिष्ठ सदस्य डॉ आरके अग्रवाल तथा समिति के तकनिकी सलाहकार अनुराग अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



महाआरती से पहले महाविद्यालय में थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न संकायों ने बीस से ज्यादा विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार से पूजा की थाली सजाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायकगण-अग्रसेन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी तथा प्रबंध संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ शोभा अग्रवाल ने साज-सज्जा और सामग्री के उपयोग के आधार पर रिया ठाकुर (समाजकार्य विभाग) को विजेता तथा निष्ठा शर्मा (बीसीए) को उपविजेता घोषित किया। कार्यक्रम का संयोजन वाणिज्य संकाय की प्राध्यापक डॉ नुपूर अग्रवाल ने किया।

आरती के पश्चात अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल ने उपस्थितजनों को अग्रसेन जयंती की शुभकामना देते हुए कहा कि आज के विशेष दिन में सभी एक-दूसरे के सहयोग का संकल्प लेते हुए समाज की समृद्धि में अपना योगदान करें। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने इस पवित्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। वही प्राचार्य डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत तथा एडमिनिस्ट्रेटर प्रो. अमित अग्रवाल ने भी सभी उपस्थित लोगों को इस विशेष दिन की शुभकामनाएं दीं।

## जीवन्त है शान्ति सरोवर में सजाई गई चैतन्य देवियों की झांकी : डॉ. रमन सिंह

**रायपुर (ए)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा मार्ग पर स्थित शान्ति सरोवर में सजाई गई चैतन्य देवियों की झांकी बहुत ही दर्शनीय एवं जीवन्त है जो कि राजयोग से ही सम्भव है। यहां पर मां दुर्गा के नौ रूपों को अत्यन्त आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

यह विचार पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन करने के बाद व्यक्त किए। इस चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारम्भ डॉ. रमन सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी और वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सविता बहन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। डॉ. रमन सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं भी दी।



उमेश पटेल ने कहा कि मां दुर्गा युगों-युगों से शक्ति एवं ज्ञान की देवी के रूप में जनमानस में स्थापित हैं। यह नगरवासियों के लिए गौरव की बात है कि इतना सुन्दर आयोजन राजधानी में किया गया है। यहां आने के बाद व्यक्ति स्वयं को तनावमुक्त महसूस करने लगता है। आदि शक्ति के नौ रूपों की जीवन्त प्रस्तुति अत्यन्त सराहनीय है।

क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने बतलाया कि यह झांकी प्रतिवर्ष नवरात्रि पर शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में लगाई जाती है। चैतन्य होने के कारण जनता इसको खूब पसन्द करती है। यह झांकी शान्ति सरोवर रायपुर में 5 अक्टूबर तक रहेगी। इसमें भक्तजन प्रतिदिन शाम को 6 से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों के दर्शन कर सकेंगे।

## रायपुर के सभी घरों में होगा डिजिटल डोर नंबर: कलेक्टर भुरे

**रायपुर (ए)।** कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने देवेन्द्र नगर सेक्टर के स्ट्रीट नंबर 22 पहुंचकर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा रायपुर शहर में लगाए जा रहे डिजिटल डोर नंबर की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के एम.डी. मयंक चतुर्वेदी भी उनके साथ थे। शहर के सभी 3.15 लाख घरों पर डिजिटल डोर नंबर लगाए जाने से मकान मालिक को विभिन्न करों के भुगतान, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, नल कनेक्शन सहित 26 तरह की आवश्यक व आपातकालीन सेवाएं घर बैठे सुगमता पूर्वक प्राप्त होगी। इंडसइंड बैंक के साथ मिलकर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. व रायपुर नगर निगम इस डिजिटल नंबर के माध्यम से सभी सम्पत्ति मालिकों को उनकी सम्पत्ति आईडी भी उपलब्ध करा रहा है।



रायपुर स्मार्ट सिटी लि. व नगर निगम ने मिलकर राजधानी रायपुर के सभी मकानों को डिजिटल डोर नंबर के जरिए एक यूनिक आईडी प्रदान कर सुविधाओं को हाईटेक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। डिजिटल डोर नंबर के माध्यम से मकान मालिक को ई-गवर्नेंस माड्यूल से जुड़ी 26 सेवाएं घर पर लगे यूनिक डिजिटल प्लेट में छपे क्यू आर कोड को स्कैन करने से बड़ी आसानी से प्राप्त होगी। इसके लिए महापौर एजाज़ ढेबर की उपस्थिति में इंडसइंड बैंक व रायपुर स्मार्ट सिटी के मध्य 25 जून 2022 को करार हुआ था और अब इस परियोजना पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने शहर में लग रहे इस महत्वपूर्ण व हाईटेक व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों से कहा है कि निर्धारित अवधि में सभी घरों में यूनिक नंबर लगाया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, जोन कमिश्नर आरके डोंगरे, मैनेजर जीआईएस रंजीत रंजन सहित इंडसइंड बैंक के अधिकारी भी उपस्थित थे।

रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक मयंक चतुर्वेदी ने इस संबंध में बताया कि सभी मकानों का पृथक से एक यूनिक नंबर तैयार कर क्यू आर कोड के साथ प्लेट के रूप में घर-घर लगाया जा रहा है। इस यूनिक नंबर से सम्पत्ति कर, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, नल कनेक्शन, नामांतरण, भवन अनुज्ञा, नियमितीकरण सहित 26 जरूरी सेवाओं के साथ-साथ, पुलिस, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड की आपातकालीन सेवाएं घर बैठे सुगमता पूर्वक मिलेगी।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

### विभिन्न विकासखंड से आए लोगों ने कलेक्टर को दिए आवेदन

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने अपने चेंबर में जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडो के दूर-दराज से आए नागरिकों, ग्रामीणजनों, महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों को सुना और उन आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का उचित क्रियान्वयन कर योजनाओं का लाभ आम लोगों को समय पर दिलाना सुनिश्चित करे।



आज जनदर्शन में रामसागर पारा की मीना साहू ने अवैध कब्जा हटवाने, अमलीडीह रायपुर की अमरीका सागर ने अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करने, पंडरभट्ठा के गिरवर लाल दुबे ने गौठान पर बेजा कब्जा हटवाने, जय सतनाम व्यायामशाला समिति गुढ़ियारी के पदाधिकारियों ने पट्टा आवंटित कराने, तहसील आरंग ग्राम डिधारी के संजय कोसले ने अपनी पत्नी का इलाज कराने आर्थिक सहायता के लिए, लखौली के महेत्तर सतनामी ने ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराने, अभनपुर विकासखंड के ग्राम आमनेर की तीरथ बाई ने खाता विभाजन कराने इसी तरह अन्यों ने भी अपनी शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर को दिए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## गन्स एंड गुलाब्स के साथ 90 के दशक का रोमांस, एक्शन लेकर आए दुलकर और राजकुमार



लाइट्स, कैमरा और एक्शन! अभिनेता राजकुमार राव और दुलकर सलमान आगामी नेटफ्लिक्स सीरीज गन्स एंड गुलाब में 90 के दशक की शैली को वापस लाते हैं।

राज निदिमोरु और कृष्णा डीके द्वारा आगामी सीरीज का टीजर। शनिवार को स्ट्रीमिंग दिग्गज टुडम 2022 इवेंट में अनावरण किया गया, जिसने मेजबान जाकिर खान और प्राजक्ता कोली के साथ अपनी भारतीय कंटेंट की घोषणा की।

44 सेकंड के ट्रेलर की शुरूआत कैसेट प्लेयर से होती है, जिसके बैकग्राउंड में 90 के दशक का संगीत बज रहा होता है। इसमें राजकुमार, दुलकर और अभिनेता आदर्श गौरव को भी दिखाया गया है जो 90 के दशक के स्टाइल फैशन में हैं।


जल्द ही, राजकुमार को यह कहते हुए सुना जाता है, दुनिया में दो किसम के लोग होते हैं, एक जो आप हो और एक वो जो आपके अंदर होता है। और कसम पैदा करने वाले की। उसको अंदर ही होना चाहिए।

दुनिया के मिसफिट्स से प्रेरित, गन्स एंड गुलाब एक ऐसी कहानी है जो अपराध की दुनिया में स्थापित प्यार और मासूमियत को दशार्ती है। यह सीरीज 90 के दशक के रोमांस को एक क्राइम थ्रिलर के साथ अद्वितीय रूप से मिश्रित करने के लिए तैयार है, जबकि इसे सहजता से हास्य में रखा गया है।

अपनी आगामी जनी, पपी सीरीज के बारे में बात करते हुए, टीम गन्स एंड गुलाब ने कहा, इस कॉमिक क्राइम थ्रिलर को बनाने के लिए कुछ बेहतरीन अभिनेताओं और क्रू के साथ काम करना मजेदार था! और हमें यकीन है कि दर्शक इसे देखना पसंद करेंगे क्योंकि हमें इसे बनाने में मजा आया।

### सफेद दाढ़ी, बिखरे बालों में दिखे अक्षय

## राम सेतु का मच-अवेटेड टीजर हुआ आउट




बच्चन पांडे, पृथ्वीराज, रक्षाबंधन के बाद अब अक्षय कुमार जैकलीन फर्नांडीस और नुसरत भरुचा के साथ मिलकर लेकर आ रहे है राम सेतु। फिल्म का आज टीजर रिलीज किया जा चुका है। जो काफी दमदार है और काफी हद तक कहानी को भी समझने में मदद करती है। टीजर से पहले अक्षय कुमार ने फिल्म से अपना पोस्टर रिलीज किया था जिसमें वो एकदम अलग लुक में नजर आए थे। अब टीजर में उनका लुक और एक्शन शानदार लग रहा है।

इंस्टाग्राम पर 'राम सेतु' के टीजर को जारी करते हुए अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा, राम सेतु की पहली झलकज्जस्ट फॉर यू। बहुत प्यार से बनाया है, उम्मीद है आपको पसंद आएगा। बताना ज़रूर। रोमांचकारी टीजर में अक्षय सफेद दाढ़ी और बिखरे हुए लंबे बालों में एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। टीजर उनके साथ ही बाकि कास्ट की झलक भी दिखाई गई है। फिल्ममेकर अभिषेक शर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।बता दें कि यह फिल्म अक्षय की कंपनी केप ऑफ गुड फिल्म्स के साथ-साथ अमेजन प्राइम वीडियो, अबुदंतिया एंटरटेनमेंट और लाइका प्रोडक्शंस में बनी है।

'राम सेतु' एक एक्शन-एडवेंचर ड्रामा है, जो एक आर्केलॉजिस्ट आर्यन कुलश्रेष्ठ (अक्षय कुमार) की कहानी है, जो यह जांचता है कि राम सेतु एक मिथक है या वास्तविकता। फिल्म में अक्षय, नुसरत और जैकलीन के अलावा सत्यदेव कंचरण और एम. नासिर भी प्राथमिक भूमिकाओं में हैं।

इस साल बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार की बच्चन पांडे, रक्षाबंधन, पृथ्वीराज, कठपुतली रिलीज हुई लेकिन किसी भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। ऐसे में अक्षय कुमार को अपनी फिल्म राम सेतु से काफी उम्मीद है।

अक्षय कुमार 'राम सेतु' के अलावा फिल्म 'ओएमजी 2' में यामी गौतम, पंकज त्रिपाठी और अरुण गोविल के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा टाइगर श्रॉफ के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां', इमरान हाशमी के साथ 'सेल्फी' और फिल्म गोरखा, कैप्सूल गिल में दिखने वाले हैं।

## मुंहासों की समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं ये पांच आयुर्वेदिक नुस्खे



**अगर आपकी त्वचा पर कील-मुंहासों की समस्या से परेशान हैं और कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने के बावजूद इनसे राहत नहीं मिल रही तो आपको आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाना चाहिए। आयुर्वेदिक नुस्खे त्वचा को नुकसान पहुंचाए बिना परेशानी से राहत दिलाने में काफी मदद कर सकते हैं, भले ही आपकी त्वचा किसी भी प्रकार की हो। आइए हम आपको मुंहासों से राहत दिलाने में मददगार पांच प्रमुख आयुर्वेदिक नुस्खे बताते हैं।**

### मुंहासों से निजात दिलाने में मददगार हो सकती है हल्दी

हल्दी मुंहासों से निजात दिलाने में काफी मददगार साबित हो सकती है। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण के साथ करक्यूमिन नामक एक खास तत्व भी मौजूद होता है। ये गुण मुंहासे, उनके निशान सहित हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी समस्याओं का इलाज करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए रोजाना सुबह सबसे पहले आधा इंच धुली और छिली हुई कच्ची हल्दी का सेवन करें। आप चाहें तो हल्दी का फेस पैक बनाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### नीम से भी मिल सकती है राहत

नीम में एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं और ये त्वचा को मुंहासों से छुटकारा दिला सकते हैं। समस्या से राहत के लिए नीम का इस्तेमाल फेस पैक के तौर पर भी किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में नीम की पत्तियों का पेस्ट और नींबू का रस मिलाएं। अब तैयार मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और जब यह पूरी तरह से सूख जाए तो मुंह को ठंडे पानी से धोकर साफ कर लें।

### एलोवेरा भी है प्रभावी

एक शोध के अनुसार, एलोवेरा एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से समृद्ध होता है। ये मुंहासों का कारण बनने वाले बैक्टीरिया से बचाव का काम कर सकते हैं और इनसे छुटकारा भी दिला सकते हैं। लाभ के लिए एलोवेरा जेल, मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इसके बाद उसे चेहरे पर लगाएं और सूखने से बाद ठंडे पानी से धोएं।


### तुलसी करेगी मदद

तुलसी में एंटी-एक्ने गुण होते हैं और यह मुंहासों को कम करने के साथ-साथ त्वचा की बनावट में भी सुधार कर सकते हैं। लाभ के लिए रोजाना सुबह खाली पेट दो तुलसी के पत्ते चबाएं। आप इसका इस्तेमाल फेस पैक के रूप में भी कर सकते हैं। इसके लिए दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी में एक बूंद तुलसी का तेल और एक बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। अब इसे चेहरे पर लगाकर 10 मिनट के बाद पानी से साफ करें।

### शहद का फेस मास्क लगाएं

मुंहासे रहित चेहरा पाने के लिए आयुर्वेदिक नुस्खे के तौर पर शहद के फेस मास्क का इस्तेमाल करना भी बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए पहले एक कटोरी में दो चम्मच शहद और आधी चम्मच दालचीनी का पाउडर मिलाएं और फिर इसे मिश्रण को पूरे चेहरे पर अच्छे से लगाकर 15 से 20 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में चेहरे को ठंडे पानी से धोकर पोंछ लें और फिर चेहरे पर जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लगाएं।

## तेलुगु अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू सेलेब फूड शो 'शेफ मंत्र' सीजन 2 की मेजबानी करेंगी



भोजन और फिल्मी सितारे एक स्वादिष्ट संयोजन हैं। अभिनेत्री और फिल्म निर्माता लक्ष्मी मांचू, जो खुद खाने के शौकीन हैं, शेफ मंत्र सीजन 2 की मेजबानी करती नजर आएंगी, जहां खाने के विकल्प अनिवार्य रूप से बहुचर्चित हस्तियों की जीवन शैली और व्यक्तित्व को दर्शाते हैं। यह शो दर्शकों को उनके व्यंजनों की पसंद के माध्यम से उनके जीवन में शायद ही कभी खोजे गए मजेदार आयाम से परिचित कराता है।

शो के लॉन्च पर, लक्ष्मी मांचू ने टिप्पणी की, मांचू के परिवार के लिए, भोजन हमेशा एक जुनून रहा है! यह एक ऐसा तत्व है जो हम सभी को एक साथ लाता है और अधिकांश परिवारों की तरह, किसी भी विशेष अवसर के लिए एक केंद्र बिंदु है। अच्छे खाने का अनुभव हमेंशा आपको खुश करता हैं। मैं शेफ मंत्र 2 का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं क्योंकि इसने मुझे एक बार फिर अपने डिजिटल प्रशंसकों से मिलने का मौका दिया है।

30 सितंबर से हर शुक्रवार दोपहर 2 बजे स्ट्रीमिंग अहा तेलुगु पर, प्रत्येक सप्ताह प्रभावशाली टॉलीवुड हस्तियां मालविका मोहन, रितु वर्मा, और विद्या रमन, अन्य लोगों के साथ शामिल होंगी।

## परदे में रहने दो के लिए शाहरुख का मलिष्का मेंडोंसा को खास संदेश



अभिनेत्री मलिष्का मेंडोंसा, जिनकी नई लघु फिल्म परदे में रहने दो को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, हाल ही में साझा किया कि लघु फिल्म में उनके काम के लिए उन्हें मेगास्टार शाहरुख खान से प्रशंसा मिली है।

मलिष्का ने कहा, परदे में रहने दो मेरे लिए एक बहुत ही खास परियोजना है। अवधारणा और चरित्र ने तुरंत मुझे इसके लिए हां कह दिया क्योंकि मैं इससे संबंधित हो सकती थी। और न केवल मैं, बल्कि हर लड़की इससे संबंधित होगी, मेरा मानना है। जब से ट्रेलर आउट हुआ है, हर कोई मेरे किरदार कुहू को पसंद कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि उनके इनबॉक्स में मुस्कुराते हुए शाहरुख के एक संदेश ने वास्तव में उनका दिन बना दिया और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया।

मलिष्का ने कहा, न केवल पेशेवर या व्यक्तिगत बिरादरी से, बल्कि बॉलीवुड सितारों से भी संदेश आए। और बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के एक संदेश ने मेरा दिन बना दिया। उन्होंने ट्रेलर देखा और मुझे बधाई दी। मैं निश्चित रूप से सातवें आसमान पर हूं।

हीना डिसूजा द्वारा निर्देशित और गरिमा पुरा पटियालवी और प्रांजलि दुबे द्वारा लिखित, परदे में रहने दो की कहानी बॉडी शेमिंग की समस्या और लोगों, विशेषकर युवा लड़कियों पर इसके नकारात्मक प्रभावों के इर्द-गिर्द घूमती है। लघु फिल्म अमेजन मिनी टीवी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।

## 'ब्रह्मास्त्र' का नया गाना 'रसिया' रिलीज




गायिका श्रेया घोषाल और तुषार जोशी ने रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के नवीनतम ट्रैक 'रसिया' के बारे में बात की। प्रीतम चक्रवर्ती द्वारा रचित, और अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखे गए गीत, रोमांटिक ट्रैक को फिल्म के मुख्य कलाकारों पर चित्रित किया गया है।


ट्रैक के बारे में बात करते हुए, तुषार, जो 'छिछोरे' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, ने कहा, रसिया' फिल्म के लिए एक नमूना ट्रैक था और मैं इस ट्रैक के लिए मिल रही प्रतिक्रिया और प्यार से अभिभूत हूं।

यह केवल दर्शकों की मांग के कारण है कि यह गीत विशेष रूप से फिल्म रिलीज के बाद रिलीज किया जा रहा है। 'रसिया' को आवाज देने का यह एक अच्छा अनुभव रहा है और मैं रिलीज के बारे में वास्तव में उत्साहित हूं।

'बचना ऐ हसीनों', 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो', 'वेलकम टू सज्जनपुर' जैसी फिल्मों में अपने गानों के लिए जानी जाने वाली श्रेया ने तुषार के साथ भी गाया है और उन्हें खुशी है कि जनता की मांग पर आखिरकार इस गाने को फिल्म की रिलीज के बाद बाहर आया। वह प्रीतम की रचनाओं की भी बहुत बड़ी प्रशंसक हैं। उन्होंने आगे कहा, प्रीतम दा के साथ काम करना हमेशा एक सुखद अनुभव रहा है। साल की सबसे बड़ी फिल्म का हिस्सा बनना विशेष है, और मुझे खुशी है कि पूरा गीत अब लोकप्रिय मांग पर है।

मुझे 'रसिया' के लिए रचना करना पसंद आया और मुझे बहुत अच्छा लगा। 'ब्रह्मास्त्र' एल्बम ने विश्व स्तर पर चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है और मुझे पूरी उम्मीद है कि प्रशंसक रसिया को भी पसंद करेंगे।

## ऋतिक रोशन, सैफ अली खान का नया गाना बंदे एक्शन से भरपूर




ऋतिक रोशन और सैफ अली खान अभिनीत मूवी विक्रम वेधा को जनता का खूब प्यार और अटेंशन भी मिलने लगी है और इसके लिए दीवानगी निरंतर बढ़ती जा रही है। मूवी के पहले गाने अल्कोहोलिया से इंटरनेट पर धूम मचाने के उपरांत, निर्माता इसके दूसरे गाने बंदे के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी है।

इसमें कोई शक नहीं है कि, विक्रम वेधा साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म है और मूवी से जुड़ी हर चीज इंटरनेट पर एक नया ट्रेंड भी सेट कर चुके है। अब मेकर्स मूवी के अगले बंदे गाने के साथ हाजिर हैं। यह गीत दर्शकों को विक्रम वेधा की दुनिया में और गहराई से ले जाता है, जहां अपने इलेक्ट्रिफाइंग बीजीएम के साथ एक कॉप के रूप में विक्रम का सुपर कूल स्वैग और खतरनाक ग्रे गैंगस्टर वेधा के साथ पागलपन को और भी बढ़ा दिया है।

गाने को एसएएम सी एस ने कंपोज, अरेंज और प्रोग्राम किया हैं, जिसे शिवम ने गाया हैं और बोल मनोज मुंतशिर ने दिए हैं। जैसे-जैसे मूवी अपनी रिलीज की तारीख के करीब आ रही है, दर्शकों के मध्य इसका क्रेज और भी ज्यादा बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए 24 सितंबर से देश-विदेश के 1250 मल्टीप्लेक्स में दर्शकों के लिए फिल्म की एडवांस बुकिंग विंडो को खोल दिया है।


खबरों का कहना है कि विक्रम वेधा को गुलशन कुमार, टी-सीरीज और रिलायंस एंटरटेनमेंट ने फ्राइडे फिल्मवर्कस् एंड जियो स्टूडियोज और वाईएनओटी स्टूडियोज प्रोडक्शन के सहयोग से प्रस्तुत भी किया जा रहा है। यह मूवी पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार और एस शशिकांत और द्वारा निर्मित हैं। ये फिल्म 30 सितंबर 2022 को विश्व स्तर पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

## रवीना टंडन-स्टारर पटना शुक्ला में समानांतर भूमिका निभाएंगी अनुष्का कौशिक



वेब सीरीज घर वापसी और क्रैश कोर्स में नजर आ चुकीं अनुष्का कौशिक को रवीना टंडन अभिनीत फिल्म पटना शुक्ला में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए अनुबंधित किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण काम भोजपुरी में बोलना था और उन्होंने भाषा सीखने के लिए अतिरिक्त प्रयास किया। जब उन्हें निर्माताओं का फोन आया, तो उन्हें यकीन नहीं था कि वह इसके साथ न्याय कर पाएंगी। लेकिन उनके मुताबिक उन्हें पूरा भरोसा था कि वह इस रोल के लिए परफेक्ट होंगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने मुझे अलग-अलग किरदार करते देखा है और उन्हें यकीन है कि मैं इस बोली को भी सीख सकती हूं।

फिर भी, मैंने उनसे एक दिन मांगा, जिसके दौरान मैंने बहुत सारी भोजपुरी सीखी, और फिर ऑडिशन दिया। अनुष्का ने अपने चरित्र के बारे में बताया, यह रवीना टंडन मैम के साथ एक समानांतर मुख्य भूमिका है और चरित्र का पूरा सेट और कहानी बहुत अलग है। मैं कभी भी पटना में किसी भी कहानी का हिस्सा नहीं रही या यहां तक कि शहर का दौरा भी नहीं किया। लेकिन मैं इस भूमिका के लिए तैयारी करना चाहती हूं। इस चरित्र की यात्रा बहुत अलग है, फिर भी इसका असली अनुष्का के साथ कुछ संबंध है। रवीना टंडन, अनुष्का कौशिक, सतीश कौशिक, चंदन रॉय सान्याल और जतिन गोस्वामी अभिनीत पटना शुक्ला अगले साल रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है।



## शॉर्ट ड्रेस पहन अनुषा दांडेकर ने मचाई सनसनी

मशहूर एक्ट्रेस और वीडियो जोकी अनुषा दांडेकर हमेशा ही अपने रियलिटी शोज और निजी जिंदगी के कारण चर्चा में रही हैं. फिलहाल तो पिछले कुछ समय से अनुषा अपनी बोल्डनेस के कारण हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं. लगभग हर दिन एक्ट्रेस का एक नया और सिजलिंग अवतार देखने को मिल जाता है. बेशक उन्होंने अपने अभिनय से कोई खास मुकाम हासिल न किया हो, लेकिन वह अपने बोल्ड और हॉट लुक्स के कारण खबरों का हिस्सा बनी रहती हैं.

अनुषा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहने लगी हैं. इस दौरान लगातार वह फैंस के साथ अपने नए फोटोशूट की झलक शेयर कर रही हैं. कई बार अनुषा की बेबाकी देख फैंस भी हैरान रह जाते हैं. हालांकि, इस कारण इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की लिस्ट भी लगातार बढ़ती जा रही है. अब एक्ट्रेस ने फिर से अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में उन्हें ग्रीन कलर की शॉर्ट ड्रेस पहने देखा जा सकता है. अनुषा ने साथ ही अपने लुक को एक पेंडेंट से पेयर किया है.

लुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस ने डेवी शीन मेकअप किया है और वेवी ओपन हेयर स्टाइल रखा है. इस लुक में वह कहर ढा रही हैं. फोटोज में वह अलग-अलग अदाएं दिखाती नजर आ रही हैं.

इस लुक में वह काफी सेक्सी लग रही हैं. तस्वीरों को देख नहीं कह सकता कि अनुषा 40 साल की हैं. इस लुक में अनुषा से नजरें हटाना भी मुश्किल हो गया है. अब अनुषा का ये लुक तेजी से फैंस के बीच वायरल हो रहा है. जहां एक ओर फैंस उनके इस अवतार को देख हैरान हो रहे हैं. वहीं उनके इतनी बोल्डनेस पर भी फिदा हो गए हैं.

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जिला अस्पताल में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रारंभ

**बालोद।** जिला अस्पताल बालोद में आज से निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रारंभ हो गई है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि जिला अस्पताल बालोद में 03 डायलिसिस मशीन स्थापित कर प्रारंभ किया गया है। अब किडनी से संबंधित बिमारी वाले मरीजों को डायलिसिस हेतु जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें अब जिला अस्पताल में डायलिसिस की निःशुल्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि आज 03 मरीजों का निःशुल्क डायलिसिस किया गया है। एम्स से प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सक डॉ. धर्म धनंजय द्वारा डायलिसिस की सेवाएं दी जाएंगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना अंतर्गत पोंडी उपरोडा परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। पोंडी उपरोडा परियोजना अंतर्गत कुल 13 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 27 सितम्बर 2022 से आमंत्रित किया गया है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11 अक्टूबर 2022 निर्धारित की गई है। पोंडी उपरोडा परियोजना के अंतर्गत आने वाले गांवों के आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तीन, मिनी कार्यकर्ता का एक पद और सहायिका के नौ पद इस प्रकार कुल 13 रिक्त पदों लिए आवेदन मंगाया गया है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पोडी उपरोड़ा में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में सीधे जमा कर सकते हैं। भर्ती के संबंध में नियम, शर्तें, आवेदन प्रारूप एवं अन्य जानकारी के लिए परियोजना कार्यालय पोंडी उपरोड़ा से संपर्क किया जा सकता है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पोंडी उपरोड़ा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती ग्राम पंचायत लेपरा के आंगनबाड़ी केन्द्र जूनापारा (टुनियाकछार) में, कोरबी के केन्द्र अचानकपुर एवं ग्राम पंचायत दर्राभांठा के आंगनबाड़ी केन्द्र बरपालीटोला में की जाएगी। भर्ती ग्राम पंचायत जटगा के आंगनबाड़ी केन्द्र धोबा बस्तीपारा के लिए की जाएगी।

# रायपुर में हुआ गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस विक्रेता संवाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर(पीआईबी)।** भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाले गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेसऔर पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 26 सितम्बर, 2022 (सोमवार) को सिविल लाइन्स, रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाऊस के सभाकक्ष में दोपहर 12.30 बजे से गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (त्द्गरू) विक्रेता संवाद सह पत्रकार-वार्ता का आयोजन किया गया।



पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस, नई दिल्ली के निदेशक, आयुष अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के त्द्गरू पोर्टल पर 67 हजार से अधिक विक्रेता पंजीकृत हैं। त्द्गरू पर, राज्य के विभिन्न हिस्सों से जीवन के सभी क्षेत्रों के विक्रेता हैं, जिनमें महिला उद्यमी, स्र्स्श्व, कारीगर, स्वयं सहायता समूह और स्टार्टअप शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से 9 हजार से अधिक एमएसई फर्म हैं जो जीईएम पर पंजीकृत हैं। इन 9 हजार एमएसई फर्मों में से एक हजार से अधिक फर्म महिला एमएसई से संबंधित हैं और लगभग 460 एमएसई फर्म एससी/एसटी वर्ग से संबंधित हैं। अग्रवाल ने बताया कि त्द्गरू की स्थापना के बाद से, छत्तीसगढ़ में स्र्स्श्व फर्मों को त्द्गरू पर पंजीकृत खरीदारों से कुल 678 करोड़ का ऑर्डर मूल्य प्राप्त हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से 94त्न से अधिक ऑर्डर छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के खरीदारों द्वारा दिए गए हैं।

आयुष अग्रवाल ने बताया कि गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (त्द्गरू), देश का नेशनल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल, वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए एंड-टू-एंड ऑनलाइन मार्केटप्लेस है। इसे 9 अगस्त, 2016 को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था।

पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस के व्यवसाय सलाहकार, अमित उपाध्याय ने बताया कि त्द्गरूके खरीदार आधार में सभी केंद्र और राज्य सरकार के विभाग, सहकारी समितियां, केंद्रीय और राज्य स्वायत्त निकाय, केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक उपक्रम और स्थानीय निकाय शामिल हैं। गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस विक्रेता संवाद का उद्देश्य त्द्गरू विक्रेताओं के साथ बातचीत करने और उन्हें नई सुविधाओं और कार्यात्मकताओं के बारे में जागरूक करने के साथ ही साथ संवाद के माध्यम से विक्रेताओं को अपने अनुभव साझा करने के लिए एक मंच देना है। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर के निदेशक कृपा शंकर यादव ने बताया कि सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के खरीदारी के तरीके में आमूल-चूल परिवर्तन लाने के उद्देय से गनर्वनमेंट ई मार्केट की स्थापना की गयी थी। त्द्गरू कॉन्टैक्टलेस, पेपरलेस और कैशलेस है और तीन स्तंभों दक्षता, पारदर्शिता और समावेशिता पर खड़ा है।

पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर के उपनिदेशक, सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि वर्ष 2021-2022 में एक ही वित्तीय वर्ष में त्द्गरूने खरीद मूल्य के एक लाख करोड़ रुपये के मील के पत्थर को पार कर लिया है। कुल मिलाकर, 3.02 लाख करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के लेनदेन की सुविधा प्रदान की है। यह पूरे देश में खरीदारों और विक्रेताओं सहित सभी हितधारकों के समर्थन से ही संभव हुआ है। इस अवसर पर जेम में पंजीकृत विक्रेताओं के लिए खुला मंच का आयोजन किया गया, जिसमें विक्रताओं ने अपने विचार रखे।

# ऐतिहासिक कलश यात्रा के साथ 9 कुंडीय शतचंडी महायज्ञ का प्रारंभ

## मुख्यमंत्री ने यज्ञ के प्रथम दिवस उपस्थित होकर प्रदेश एवं देश की खुशहाली के लिए यज्ञ में आहुति दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** क्वांर नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर दिनाँक 26 सितंबर से 4 अक्टूबर तक श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर में आयोजित 9 कुंडीय शतचंडी महायज्ञ में आज प्रथम दिवस ऐतहासिक कलश यात्रा निकाली गयी, कलश यात्रा में महिलाएं 1008 कलश लेकर शिवनाथ नदी तट से यज्ञ स्थल दुर्गा मंदिर गंजपारा का भ्रमण करते हुए पहुँची। कलश यात्रा में सर्वप्रथम शिवनाथ नदी तट पर अलग अलग प्रदेश से आये हुए विद्वान आचार्यों द्वारा यजमान शुद्धिकरण, यजमान पूजन कराया गया।



यज्ञ के प्रमुख यज्ञाचार्य श्री दिवाकर शास्त्री जी के सानिध्य में पूरे यज्ञ का पूजन एवं हवन कार्य होगा, जिसमें आज प्रथम दिवस यजमान पूजन, कलश पूजन, यज्ञ मंडप पूजन ततपश्चात दोपहर 3 बजे से हवन पूजन प्रारंभ किया गया.

समिति के योगेन्द्र शर्मा बँटी ने बताया कि कलश यात्रा में पूरे शहर के विभिन्न स्थानों वार्डो से 1008 कलशों की शोभायात्रा निकाली गयी, कलश यात्रा में कलश के साथ साथ बैंड बाजा के साथ माता दुर्गा जी की उत्सव मूर्ति एवं यज्ञाचार्य जी की घोड़े की बग्गी साथ थी, आज 9 कुण्डिय शतचंडी महायज्ञ के प्रथम दिवस छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यज्ञ में आहुति डालने पहुँचे, मुख्यमंत्री जी सबसे पहले माता जी की मन्दिर जाकर पूजा अर्चना किये, तत्तपश्चात सत्ती माता की पूजा अर्चना किये, तत्तपश्चात यज्ञ के नियम अनुसार धोती पहनकर यज्ञ में आहुति डालने यज्ञ मंडप गये तत्तपश्चात समित्ति के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद व्यक्त किया.. दुर्ग जिले के सभी धर्मप्रेमियों को इस वर्ष माता जी के प्रभावशाली एवं सर्वसिद्ध शतचण्डी महायज्ञ का सीधा लाभ मिलेगा दिनाँक 26 सितंबर से 4 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे एवं दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक यज्ञ होगा, जिसमें सभी पुरुष वर्ग धोती पहनकर ही यज्ञ स्थल पर प्रवेश कर सकेंगे एवं महिलाएं नीली या काली साड़ी पहनकर प्रवेश नही कर सकेगी। महायज्ञ में छत्तीसगढ़ सहित राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश के प्रसिद्ध विद्वान आचार्यों द्वारा यज्ञ करवाया जाएगा।

आज के आयोजन में अरुण वोरा विधायक, दुर्ग, प्रतिमा चंद्राकर, आर. एन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, राजेंद्र साहू, लक्ष्मण चंद्रकार, राजेश यादव, अशोक राठी, विट्ठलदास भूतड़ा, राधेश्याम शर्मा, अजय शर्मा, राजेश शर्मा, राहुल शर्मा, मनोज भूतड़ा, ऋषभ जैन, दीपक चावड़ा, नरेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, कुलेश्वर साहू, गोपाल शर्मा, बसंत शर्मा, दीपक पंडा, नरेंद्र शर्मा, मनोज गुप्ता, मोनू शर्मा, रमेश गुप्ता, अर्जित शुक्ला, आशीष मेश्राम, प्रकाश कश्यप, महेश गुप्ता, मोहित पुरोहित, ऋषि गुप्ता, चिंटू शर्मा, सुजल शर्मा, सोनल सेन, महिलाओं में अनिता अग्रवाल, चंचल शर्मा, नीलम पण्डा, अर्चला शर्मा, सुमन शर्मा, प्रतिभा गुप्ता, नीलम पंडा, ममता टावरी, प्रज्ञा शर्मा, सरोज जोशी, कविता शर्मा, किरण शर्मा, प्रभा शर्मा, प्रीति राजगढ़िया, एवं अन्य उपस्थित थे।

# जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में खेल गतिविधियों का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एन.एच.एम. द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर संचालित है। खेल अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिला स्तर पर प्रोग्राम मैनेजर, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर प्रभारी से समन्वय कर स्थानीय नागरिको एवं बालक-बालिकाओं को शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं खेलों का माहौल तैयार करने के उद्देश्य से जिले के ग्राम पंचायतों में खेल गतिविधियां आयोजित किया जाना है।

जिसके माध्यम से राज्य में शारीरिक स्वास्थ्य लाभ, फिटनेस एवं रोग मुक्त वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से प्रत्येक हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में स्पोर्ट्स एक्टिविटी जैसे योगा, स्थानीय लोकप्रिय खेलों के आधार पर लोगों को एकत्रित कर खेल गतिविधि कराना, लघु खेल सामग्री जैसे बाल, नेट आदि के माध्यम से स्थानीय नागरिकों जैसे बच्चे बुजुर्ग महिलाओं को शारीरिक स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूक किए जाने की कार्यवाही की जा रही है, जिसके लिए राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य को भी वेलनेस सेंटर में गतिविधियां संचालित कराने समन्वय किया जा रहा है, विदित हो कि जिले में 218 वेलनेस सेंटर हैं, जिसमें प्रत्येक सेंटरों में खेल गतिविधियां संचालित की जाएगी, जो कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रभारी के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। यह गतिविधियां सप्ताह में 3 से 4 बार किया जा सकता है, जिसके लिए राजीव युवा मितान क्लब योजना अंतर्गत सदस्यों का सहयोग एवं शिक्षा विभाग के विद्यालय के व्यायाम शिक्षक, खेल शिक्षक से सहयोग लिया जा सकेगा। जिले में सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, स्वास्थ्य, खेल विभाग के साथ अन्य विभागों एवं राजीव युवा मितान क्लब की सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की गई गई है। खेल अधिकारी संजय जैन ने बताया की हेल्थ वेलनेस सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ.लोकेश देव, प्रोग्राम मैनेजर डॉ. निशा मौर्य एवं जिला सलाहकार डॉ.विनोद वैद्य से समन्वय स्थापित कर गतिविधि संचालित कराने मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

# कलेक्टर और एसएसपी ने की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और एस.एस.पी. प्रशांत अग्रवाल ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने आने वाले दिनों में होने वाले कार्यक्रमों, त्योहारों तथा विभिन्न संगठनों द्वारा धरना, विरोध प्रदर्शन और रैली आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया।



कलेक्टर ने कहा कि कल 27 सितंबर से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा में रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज क्रिकेट टूर्नामेंट होना है। इस आयोजन में 27 सितंबर को दो मैच, 28 एवं 29 सितंबर को एक-एक तथा 1 अक्टूबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। 27 सितंबर को पहली पाली लंका और बंगलादेश के बीच तथा दूसरे पाली में इंग्लैंड व आस्ट्रेलिया के बीच मैच खेला जाएगा। इस दिन का मैच सभी के लिए निः शुल्क रहेगा। दर्शक बिना टिकट लिए ही मैच देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि गेट क्रमांक 2, 3, 8, 9 और 10 में परिवार वाले दर्शकों को प्रवेश दी जायेगी। इसके अलावा अन्य गेट से बिना परिवार वाले दर्शक प्रवेश कर सकते है। कलेक्टर ने दर्शकों की सुविधा, पार्किंग स्थल पर पर्याप्त लाईट आदि के साथ सुरक्षा व्यवस्था, पर्याप्त टिकट काउंटर, साफ-सफाई, चिकित्सा व्यवस्था, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि के संबंध में जानकारी लेकर निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ भुरे ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले दशहरा एवं ईद पर्व के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि रायपुर शहर के अलग-अलग क्षेत्रो में दशहरा के 10 बडे कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। कलेक्टर ने उन सभी जगहो पर मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने नवरात्री पर्व तथा गरबा के आयोजनों पर भी चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने वालों पर सख्ती बरती जाए। इसके अलावा सामान्य दिनों में निर्धारित समय एवं ध्वनि सीमा के भीतर माननीय न्यायालय के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने किसी भी संगठन द्वारा जिला प्रशासन की अनुमति से ही धरना-प्रदर्शन या रैली किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंनें निर्देशित किया कि बिना अनुमति के आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन और रैलियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने अनुमति मिलने के बाद भी धरना और विरोध प्रदर्शन-रैलियों को अनुमति के अनुसार ही शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने दण्डाधिकारियों, मजिस्ट्रेटो और पुलिस अधिकारियों को एक दूसरे से सतत सम्पर्क बनाये रखने को भी कहा। उन्होंने होने वाले धरना-प्रदर्शनों-रैलियों को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जरूरी सभी इंतजाम भी पहले से ही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जरूरत के हिसाब से बांस-बल्ली, रस्सी आदि का इंतजाम बेरिकेटिंग के लिए किया जाए। बेरिकेंटिंग के स्थलों का भी चयन पहले से ही कर लिया जाए।

उन्होंने अनुमति प्राप्त धरना-प्रदर्शनों को शांति एवं सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एन.आर.साहू, अपर कलेक्टर बी.बी. पंचभाई एवं बी.सी साहु, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं ग्रामीण, एस.डी.एम., सी.एस.पी एवं सिटी मजिस्ट्रेट उपस्थित थे।

# दो दिवसीय आई पी एम ओरिएंटेशन एच आर डी कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर (पीआईबी)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर द्वारा दो दिवसीय आई पी एम ओरिएंटेशन एच आर डी कार्यकर्म का आयोजन जिला कृषि अधिकारी महासमुंद के सभागार में दिनांक 23-24.09.2022 को किया गय। प्रशिक्षण में कुल 65 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।




आई पी एम केंद्र के प्रभारी नीरज कुमार सिंह, सहायक निदेशक ने प्रशिक्षण में आये हुए सभी किसानों, कीटनाशक विक्रेताओं और किसान मित्रों को एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के वर्तमान में उपयोगिता और प्रासंगकिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा की किसानों द्वारा फसलों को किट एवं बिमारियों से बचाने केलिए रासायनिक कीटनाशकों का अनुचित और अंधाधुन प्रयोग किया जा रहा है, जो की हमारे स्वस्थ्य के साथ साथ पर्यावरण केलिए भी बेहद नुकशानदेह है। इसलिए यह जरुरी है कि किसान एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन को अपनाएं तथा आई पी एम के अंतर्गत आने वाले अन्य तकनीक के साथ जैविक कीटनशकों के प्रयोग पर जोर दें और जहाँ अति आवशयक हो वहां केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति द्वारा अनुमोदित रासायनिक कीटनाशक का अंतिम विकलप के तौर पर उपयोग करें। डॉ विकाश चवण, सहायक पादप संरक्षण अधिकारी ने विभिन्न प्रकार के प्रपंच के प्रयोग और उसे घर में बनाने कि विधि के बारे में विस्तार से चर्चा किये और साथ ही मक्का के फसल में लगने वाले फॉल आर्मी वॉर्म किट के पहचान, रोकथाम के उपाए के बारे में भी प्रशिक्षणार्थियों को बताया। अशोक कुमार, सहायक पादप संरक्षण अधिकारी ने विभिन्न प्रकार के मित्र कीटों के पहचान और खेतों में उनके फायदे भी किसानों को बताये। कुणाल चंद्राकर, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञानं केन्द्र, महासमुंद ने विभिन्न फसलों पर पोषक तत्वों की कमी के लक्षण और उसके निदान के उपाए के बारे में भी प्रशिक्षणार्थियों को बताया।

### मितान क्लब ने किया स्वच्छता का अद्भुत कार्य

**गरियाबंद।** निरंतर प्रयासों से आगे बढ़ती युवा मितान क्लब के सदस्य आज ग्राम कोपरा में हवा का रुख ही बदल दिये जनपद उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में युवा मितान क्लब के सभी सदस्यों ने स्वच्छता का बेमिसाल अभियान चलाया निरंतर प्रयासों से आज ग्राम कोपरा के शीतला मंदिर समिति ग्राम पंचायत कई दफा चक्कर काट चुकी थी व प्रशासनिक अधिकारियों को भी आवेदन दिया गया था लेकिन स्थितियां नहीं सुधर पाई शीतला मंदिर समिति व अन्य समितियों ने जनपद उपाध्यक्ष के पास यह बात रखी तथा स्थितियों से अवगत कराया उपाध्यक्ष ने तत्काल नवगठित युवा मितान क्लब के टीम को लेकर प्रथम दिन मां शीतला मंदिर पहुंच मार्ग में विगत 9 माह से पड़े विशाल कचरे के ढेर को मिलकर साफ किया।
























## खास-खबर

### छात्र ने परीक्षा से बचने के लिए रची अपहरण की झूठी कहानी

**कोरबा।** यहां चाकू की नोक पर आठवीं के छात्र का अपहरण हो गया। तिमाही परीक्षा दिन अपहरण से चाकू में हड़कंप मच गया। अपहरण कर्ताओं से किसी तरह से छात्र अपनी जान बचाकर रोते-बिलखते स्कूल पहुंचा और प्रिंसिपल को इसकी जानकारी दी। इसके बाद प्रिंसिपल ने पुलिस को सूचना दी। स्कूल पहुंची पुलिस को छात्र के अपहरण पर शक हुआ। जब इसकी सच्चाई सामने आई तो पुलिस भी हैरान रह गए।

यह पूरा मामला कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र स्थित तिलकेजा गांव का है। यहां रहने वाला अजय यादव (15) सरकारी स्कूल में 8वीं कक्षा में पढ़ता है। आज सुबह 9:30 बजे वह स्कूल के निकला। स्कूल में तिमाही परीक्षाएं चल रही थी। करीब एक घंटे की देर से वह स्कूल पहुंचा और काफी डरा हुआ था। स्कूल पहुंचने के बाद छात्र सीधे प्रिंसिपल के पास पहुंचा और और बताया कि उसका अपहरण हो गया था और बड़ी मुश्किल से उसने अपनी जान बचाई है।

छात्र ने बताया कि स्कूल आने के दौरान रास्ते में बाइक सवार दो युवक उसे जबरन अपनी गाड़ी में बिठाया और लेकर जाने लगे। एक जगह बाइक रोकी तो किसी तरह वहां से भाग कर अपने आप को बचाया। छात्र की बातें सुनने के बाद प्रिंसिपल भी घबरा गए और आनन फानन में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को भी छात्र ने यही बात बताई लेकिन पुलिस को छात्र की बात पर भरोसा नहीं हुआ और कड़ाई से पूछताछ करने पर पूरी बात बताई।

#### परीक्षा से बचने रची कहानी

पुलिस पूछताछ में छात्र ने बताया कि उसे परीक्षा नहीं देनी थी इसलिए उसने अपने अपहरण की कहानी रच डाली। छात्र ने बताया कि परीक्षा की तैयारी नहीं की इसलिए वह परीक्षा नहीं देना चाहता था। छात्र ने बताया कि वह स्कूल के लिए निकला तो एक बाइक को लिफ्ट के लिए रोका। बाइक पर दो युवक सवार थे। इसके बाद वह बाइक में बीच में बैठ गया। स्कूल की दूसरे रास्ते निकल गया और कुछ दूरी पर उतर गया। छात्र ने बताया कि वह बाइक पर बीच में इसलिए बैठा था ताकि देखने वालों को लगे कि उसे जबरन ले जाया जा रहा है। पुलिस छात्र की कहानी सुनने के बाद उसे समझाइश देकर छोड़ दिया।

### तीन दिन पहले मिली थी लाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

# अपने ही भाई की सुपारी देकर कराई हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में सुपारी किलिंग का एक मामला सामने आया है। भाई ने अपने की भाई की सुपारी देकर हत्या करवा दी। घटना बिलासपुर जिले के तखतपुर थाना क्षेत्र की है। हत्या की वजह अवैध संबंध बताया जा रहा है। दरअसल मृतक अपने ममेरे भाई की पत्नी से संबंध बना रहा था जिसे उसके ममेरे भाई ने देख लिया। इसके बाद उसकी हत्या का प्लान बनाया और सुपारी देकर हत्या करवा दी। पुलिस ने इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



तखतपुर पुलिस ने बताया कि तीन दिन पहले खम्हरिया के तालाब के पास अधेड़ की लाश मिली थी। मृतक की पहचान सुंदरलाल कौशिक (52) के रूप में हुई थी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस को जब जांच की तो पता चला कि सुंदरलाल 22 सितंबर की दोपहर को देवरी गांव में रहने वाले अपने फुफेरे भाई विनय कौशिक (32) के घर जाने के लिए निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं आया। इसके बाद 24 सितंबर की सुबह उसकी लाश गांव के ही तालाब के पास मिली थी।

तखतपुर थाना प्रभारी एसआर साहू ने बताया कि जांच के दौरान पहला शक विनय कौशिक पर हुआ। क्योंकि मृतक आखिरी बार उसी के घर के लिए निकला था। विनय को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने राज उगल दिया। विनय कौशिक ने अपने दो साथी चंद्रपाल कौशिक और पिल्लू कौशिक को 30 हजार रुपए की सुपारी देकर सुंदरलाल की हत्या करवाई और शव को तालाब के पास फेंक दिया था।

#### पत्नी से संबंध बनाते देखने के बाद बनाया प्लान

टीआई साहू ने बताया कि आरोपी विनय ने बताया कि सुंदरलाल उसका ममेरा भाई है और अक्सर उसके घर पर आना जाना करता था। सुंदरलाल ने विनय कौशिक को उसकी पत्नी से संबंध बनाते देख लिया था इसके बाद से ही उसने उसकी हत्या की प्लानिंग की। इसके लिए गांव के ही अपने दो साथियों को सुपारी देकर हत्या करवाई। इस मामले में पुलिस ने सभी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## 11 वीं के छात्र को प्रिंसिपल ने बैट से पीटा, घायल छात्र अस्पताल में भर्ती



**बिलासपुर (ए)।** जिले में 11 वीं कक्षा के एक छात्र को प्रिंसिपल के द्वारा बुरी तरह से बैट से पीटने का मामला सामने आया है। प्राचार्य की पिटाई से घायल छात्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सरकंडा क्षेत्र में संचालित प्रयास एकेडमी की है। जहां प्राचार्य ने कक्षा 11वीं के छात्र को पीट-पीटकर अस्पताल पहुंचा दिया। घटना एकेडमी के हॉस्टल की है। रात में किसी ने प्रिंसिपल के दरवाजे को खटखटा दिया था, इस पर वह आग बबूला हो गया। एक छात्र को बैट से तब तक पीटा, जब तक वह गंभीर रूप से घायल नहीं हो गया। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी प्राचार्य को गिरफ्तार कर लिया है।

#### रात में किसी ने खटखटाया दरवाजा

सरकंडा टीआई उत्तम साहू ने बताया कि, राजकिशोर नगर में प्रयास एकेडमी है। जहां स्कूल के साथ ही हॉस्टल भी संचालित होता है। यहां पंडरिया का रहने वाला भोयांस जायसवाल 11 वीं कक्षा में पढ़ता है और हॉस्टल में रहता है। हॉस्टल में रहने वाले किसी छात्र का जन्मदिन था। छात्र जन्मदिन मना रहे थे, जबकि भोयांश अपने कमरे में पढ़ाई कर रहा था। रात करीब 12 बजे किसी स्टूडेंट ने प्रिंसिपल राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय के कमरे का दरवाजा खटखटाया, जिससे नाराज प्रिंसिपल बाहर निकले। आसपास जब कोई वहां दिखाई नहीं दिया। इसके बाद वे भोयांश के कमरे में पहुंचे, जहां वह पढ़ाई कर रहा था। दरवाजा खटखटाने के नाम पर प्रिंसिपल ने उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी, जिससे उसके हाथ और पैर में चोट लगी है। घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्र के बड़े भाई डॉ. नीतेश जायसवाल ने इसकी शिकायत थाने में की। पुलिस ने प्राचार्य पर धारा 294, 323, 506 के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

छात्र ने 7 दिन पहले ही एकेडमी में एडमिशन लिया था। प्राचार्य के द्वारा बेरहमी से पिटाई के बाद छात्र गुमसुम हो गया है। उसने अपने परिजनों से भी ठीक से बातचीत नहीं किया। इधर इस घटना के बाद बाकी बच्चों के पालक भी गुस्से में हैं।

### छात्रा की आत्महत्या के मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

# युवक से तंग आकर छात्रा ने की थी खुदकुशी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छात्रा की आत्महत्या के एक मामले में दुर्ग कोर्ट ने एक युवक को दोषी माना है और आरोपी को सजा सुनाई है। इस मामले में कोर्ट ने माना कि युवक की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने आत्महत्या की। कोर्ट आरोपी को तीन साल की सजा के साथ ही 11 सौ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। लगभग डेढ़ साल पहले मोहन नगर थानाक्षेत्र में यह घटना हुई थी।

मिली जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल 2021 को 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने अपने घर के बाथरूम में खुदपर केरोसीन डालकर आग लगा लिया था। सूचना मिलने पर तत्कालीन थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने अस्पताल पहुंचकर छात्रा का बयान लिया था। इस दौरान छात्रा ने बताया था आदित्य नगर निवासी शशिकांत कोमा उर्फ आदर्श नाबालिग को परेशान करता था और इसी से तंग आकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। इलाज के दौरान छात्रा की मौत भी हो गई।

छात्रा के बयान के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इसके बाद चालान प्रस्तुत किया। चालान कोर्ट में पेश करने के बाद सुनवाई शुरू हुई। इस मामले में सोमवार को कोर्ट ने आरोपी शशिकांत को सजा सुनाई है। कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट और धारा 341 के तहत 3 साल की सजा और 11 सौ रुपए का अर्थदंड लगाया है। घटना के करीब डेढ़ साल बाद इस मामले में कोर्ट का निर्णय आया है।

### फ्री फायर गेम ने ली जान

## कान में ईयर फोन लगाकर खेल रहा था छात्र नहीं सुनाई दी ट्रेन की आवाज, कटकर मौत

**बालोद (ए)।** बालोद जिले में फ्री फायर गेम के चक्कर में सोमवार को एक युवक की जान चली गई। युवक कान में ईयर फोन लगाकर ट्रेन की पटरी पर बैठकर ऑनलाइन गेम खेल रहा था। इसी दौरान अंतागढ़ से रायपुर जाने वाली ट्रेन वहां से होकर गुजरी। लोको पायलट ने काफी हॉर्न बजाया, लेकिन कान में ईयर फोन होने की वजह से युवक कुछ सुन नहीं सका और इतना बड़ा हादसा हो गया।

सूचना मिलने पर पहुंची गुंडरदेही पुलिस ने बताया कि 12वीं का छात्र योगेंद्र जोशी (18 वर्ष) शौच के लिए गया था। इसी दौरान वो पटरी पर बैठकर फ्री फायर गेम खेलने लगा और ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। छात्र गुंडरदेही थाना क्षेत्र के रंगकठेरा गांव का रहने वाला था। बालोद एसपी डॉ जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

एसपी डॉ जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि ऑनलाइन गेम की लत कई बच्चों में आजकल देखी जा रही है, जो बेहद नुकसानदेह है। उन्होंने कहा कि टास्क पूरा करने में कई बच्चे इतने खो जाते हैं कि वे हादसों का शिकार हो जाते हैं। साथ ही ऑनलाइन गेम की लत के कारण बच्चे अपने आसपास की दुनिया से कटने लगते हैं। वहीं ज्यादा समय मोबाइल पर देने के कारण बच्चे कई स्वास्थ्यगत समस्याओं के भी शिकार हो जाते हैं। नर्वस सिस्टम पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। फिजिकल एक्टीविटी घटने से वे आलसी भी होते हैं। मोबाइल स्क्रीन देखने के कारण आंखें भी कमजोर होती हैं।

### दुर्ग में अधेड़ की हत्या से सनसनी

# गला रेतकर की गई हत्या कातिल ने गुप्तांग भी काटा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सोमवार की सुबह दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के कापसी में अधेड़ की संदिग्ध हालत में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जब जांच शुरू की तो हैरान रह गई। कातिल ने अधेड़ की हत्या के बाद उसके गुप्तांग को भी काट दिया था। पास में मृतक की बेटी बदहवास बैठी थी। घटना अमलेश्वर थाना क्षेत्र की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार अम्लेश्वर थाना अंतर्गत कापसी (झीट) में सुबह गांव के ही 42 वर्षीय आंनद सोनवानी की खून से लथपथ लाश घर में मिली। रात को वह घर पर सो रहा था और सुबह खून से सनी लाश मिली। कातिल ने बड़ी की बेदर्दी से आंनद की हत्या की। गला रेतने के बाद उसका गुप्तांग भी काट दिया गया। मृतक आनंद की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। मृतक अपनी परित्यक्ता बेटी व एक बेटे के साथ रहता था। घटना के बाद मृतक की बेटी भी उसी कमरे में सो रही थी।

अमलेश्वर पुलिस ने बताया घटना के बाद मृतक की बेटी बदहवास है और कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है। घटना स्थल पर किसी प्रकार का हथियार नहीं मिला है। पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। वहीं आसपास पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बैगा आदिवासी को आत्महत्या के लिए उकसाया, दो डिप्टी रेंजर गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** बैगा आदिवासी को कार्रवाई के नाम पर प्रताड़ित करने वाले वन विभाग के दो डिप्टी रेंजर्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की प्रताड़ना से परेशान होकर बैगा आदिवासी ने आत्महत्या कर लिया था। मृतक के परिजनों की गुहार पर इस मामले की जांच की गई और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों डिप्टी रेंजर ने जंगल में सागौन लकड़ी काटते समय ग्रामीण पर कार्यवाही न करने के एवज में 50 हजार रुपए की मांग की थी। रुपए न देने की स्थिति में जेल भेजने की लगातार धमकी दे रहे थे। इस मामले की शिकायत के बाद कुकदुर पुलिस टीम ने सोमवार को वन विकास निगम के दोनों डिप्टी रेंजर को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है।



#### पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार

10 से 11 सितंबर के बीच ग्राम कमराखोल निवासी बुधराम बैगा मुनमुना खार जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में परिजनों ने वन विकास निगम के दोनों डिप्टी रेंजर के खिलाफ कुकदुर थाना में रिपोर्ट कराने पहुंचे लेकिन वहां पर रिपोर्ट दर्ज नहीं किया गया। मामले की जानकारी होने पर 24 सितंबर को राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। वहीं से सांसद ने एसपी से बात की। 15 दिन बाद भी मामले में कार्रवाई नहीं होने को लेकर पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाया गया।

#### आत्महत्या के लिए उकसाया

सांसद की नाराजगी को देखते हुए थाना कुकदुर में आत्महत्या के उकसाने के तहत धारा 306, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपियों की पता तलाश किया। थाना प्रभारी कुकदुर निरीक्षक सावन सारथी ने बताया कि डिप्टी रेंजर प्रवीण सिंह परिहार (42) और डिप्टी रेंजर अनिल कुर्रे को गिरफ्तार किया गया।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग, दुर्ग

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

ज्ञाप क्रमांक-12673/व.ले.लि./लेखा खंड/2022-23 दुर्ग, दिनांक 23/09/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. रायपुर द्वारा जारी भवन/सड़क SOR दिनांक 01.01.2015 तथा निविदा तिथि तक जारी संशोधन के अंतर्गत मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 06/10/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 07/10/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 17/10/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 18/10/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. (रू.लाख में) | कार्य का नाम No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 13 T0058 | अनुविभाग पाटन के अंतर्गत आई.टी.आई भवन पाटन में सायकल स्टैण्ड एवं समय-समय पर स्वीकृत अन्य निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 20.00 |

☐ General Condition ☐ Plant Condition ☐ Special Condition

नोटः- (1) " It is mandatory for the "B", "C", "D" Class bidders, to submit (Annexure 3, Annexure- "2"
(2) It is Mandatory for the "A" Class bidder, to submit affidavit (Annexure 3, Appendix 1, Annexure 1,2.
(3) अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। एवं अन्य निविदा संबंधी शर्तों का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-94560/4

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

summer offer
on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### भरर में जिला स्तरीय तुंहर द्वार जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन कल

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप नागरिक और प्रशासन के बीच, दूरी कम करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण व शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी क्षेत्रवासियों तक पहुंचाने के लिए शिविर 'तुहर द्वार' का आयोजन किया जा रहा है। शिविर को आयोजन 28 सितंबर को सुबह 10 बजे से ग्राम पंचायत भरर में किया जाएगा। शिविर में लोगों से समस्या जानेंगे और इस संबंध में लिखित आवेदन लिया जाएगा। इन्हें हल करने के लिए संबंधित अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर इसे हल करेंगे और आवेदन के निराकरण की सूचना शिविर में ही ग्रामीणों को दी जाएगी। इसके साथ ही आवेदक शिविर स्थल पर भी अपने आवेदन दे सकेंगे। शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके इसके लिए जिला प्रशासन ने उन्हें शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कल

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग में एस. आर. हॉस्पिटल एडं रिर्सच सेंटर भिलाई हेतू विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 28 को सिंतबर किया जाएगा। जिसमें आई.सी.यू (आर.एम.ओ) के लिए 18 पद, एन.आई.सी.यू.(आर.एम.ओ) के लिए 04 पद, डायलिसिस टेक्निशयन के लिए 04 पद, एक्स-रे टेक्निशयन के लिए 03 पद, नर्सिंग सुपरीटेंडेंट के लिए 01 पद, ओफ्थाल्मिक टेक्नीशियन के लिए 02 पद, नर्सिंग स्टाफके लिए 30 पद, ओ.टी. टेक्नीशियन के लिए 02 पद, फील्ड ऑफिसर के लिए 20 पद, ड्राइवर एंबुलेंस के लिए 05 पद, इलेक्ट्रिशियन के लिए 02 पद, फार्मेसिस्ट के लिए 04 पद रिक्त पदों की अधिसूचना प्राप्त हुई है। इच्छुक आवेदक 28 सिंतबर को अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की सत्यापित छायाप्रति के साथ मालवीय नगर दुर्ग स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में सुबह 10:30 बजे से उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से संपर्क कर सकते है।

### खेल में सबको समान अवसर देने के लिए की गई समीक्षा बैठक

**दुर्ग।** जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर सभागृह में जिला दुर्ग के संचालित सभी खेल संघों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीईओ अश्वनी देवांगन ने कहा कि खेल को अपने एक स्थान पर ही सीमित न करें, खेलों में शहरी के साथ ही ग्रामीण युवाओं को सामान अवसर मिले। इसके लिए बैठक में योजना बनाई गई। सीईओ ने इस कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अपने-अपने खेल को ग्रामीण क्षेत्र में जो मिनी स्टेडयम है यहां भी खेल को स्थापित करें ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी स्टेडियम में खेलते एवं दौड़ते हुए दिखें। बैठक में सभी खेल के खेल संचालन के संबंध में चर्चा की गई। सभी खेल पदाधिकारियों को अपने-अपने खेल के एनआईएस प्रशिक्षकों की एवं उत्कृष्ट खिलाडियों की सूची और खेल मैदान / स्टेडियम की हालत (जर्जर भवन के संबंध में चर्चा कर सूची की मंगाई। सभी खेल संघों को शहर के साथ अपने खेल को ग्रामीण क्षेत्र के स्टेडियम में अपने खेल को स्टेडियम मैदान में प्रयोग करने को कहा।

### ईडी, आईटी के छापों पर बोले सीएम बघेल

# बेवजह परेशान करे तो दे शिकायत, होगी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई। अग्रसेन जयंती महोत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सेंट्रल एजेंसियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अग्रसेन समाज से जुडे तमाम व्यापारियों की एक शिकायत पर कहा है गलत करने वालों पर कार्रवाई करें तो सेंट्रल एजेंसियों का स्वागत है। यदि सेंट्रल एजेंसिया अनावश्यक किसी को परेशान करे और इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ के किसी भी थाने में होती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।**

बता दें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में अयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव में पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने यहां अग्रसेन महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान मंच से उन्होंने पूरे समाज को अग्रसेन जयंती की बधाई दी। उन्होंने कोविड के दौरान अग्रवाल समाज के लोगों द्वारा की सेवा की सराहना भी करते हुए अग्र बंधुओं को सदा सेवा में रहने वाला बताया।

कार्यक्रम के दौरान भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, दुर्ग विधायक अरुण वोरा सहित अन्य कांग्रेस नेता भी उपस्थित रहे।

#### भय का माहौल बना रही केन्द्र सरकार

इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार ईडी, आईटी व डीआरआई के माध्यम से भय का माहौल पैदा कर रही है। व्यापार के माध्यम से देश को आगे बढ़ाने वाले अग्रवाल समाज के लोगों को यदि केन्द्रीय एजेंसियां बेवजह परेशान करती है और किसी भी व्यापारी द्वारा पुलिस के पास इसकी शिकायत की जाती है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा है कि यदि गलत करने वालों पर कार्रवाई हो तो इनका स्वागत है इनसे हमारा कोई बैर नहीं है।

#### राजस्थान संकट पर बोले कुछ पता नहीं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजस्थान संकट पर कहा कि उन्हें इसकी ज्यादा जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जो अवरोध पैदा हो रहा है उसकी ज्यादा जानकारी तो नहीं है लेकिन जल्द ही वहां का विवाद भी सुलझ जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव पर भी सीएम बघेल ने कहा कि अभी तो नामांकन दाखिल होने दें हम तो मतदाता हैं। यदि मतदान की बारी आती है तो गुप्त मतदात करेंगे।

#### किसानों, वनवासियों और श्रमिकों की जेब में पैसा आने का असर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था पर दिख रहा है:मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भिलाई में अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित अग्रवाल समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अग्रसेन जयंती की बधाई दी और कहा कि हमने किसानों, वनवासियों और श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाई, इससे न केवल उनकी जेब में पैसा आया और इसका सीधा असर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित अन्य योजनाओं के जरिए किसानों, वनवासियों और श्रमिकों को सीधे उनके खातों पर भुगतान किया जा रहा है। यह राशि अंततः बाजार में आया और इसका लाभ व्यापार और उद्योग जगत को मिल रहा है। दीपावली को देखते हुए हमने निश्चय किया कि 15 अक्टूबर को हम राजीव गांधी किसान न्याय योजना की अगली किश्त दे देंगे ताकि किसानों की भी दीवाली अच्छी हो और व्यापारियों की भी। मुख्यमंत्री ने अग्रसेन महाराज के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि वे व्यापार और निर्माण पर जोर देते थे। कुरुक्षेत्र के युद्ध में पांडवों के भंडार की देखरेख का जिम्मा आपके पूर्वजों का था। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल में अग्रवाल समाज द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की।

## शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन विधायक अरुण वोरा ने की पूजा अर्चना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** देश भर में नवरात्र का पर्व प्रारंभ हो गया है। जगह जगह भव्य पंडालों में भक्तों द्वारा माता रानी की स्थापना की जा रही है साथ ही मंदिरों एवं पीठों में ज्योत जलने के साथ ही भक्तों की भीड़ का आना शुरू हो गया है।

सोमवार को नवरात्र प्रारंभ होते ही वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने भी माँ चंडी मंदिर, सत्ती चौरा, गंज पारा दुर्गोत्सव समिति, मीनाक्षी नगर दुर्गोत्सव समिति एवं पटरी पार दुर्गोत्सव समिति में पहुंच कर दुर्गा माता की पूजा अर्चना की एवं शहर की खुशहाली, विकास एवं सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि दुर्ग शहर पूरे देश मे सामाजिक समरसता की एक मिसाल है जहां सभी धर्म के लोग पूरी



सद्भावना से एक दूसरे के तीज त्योहारों में हिस्सा लेते हैं। नवरात्र, ईद, होली, दीवाली, दशहरा कोई भी त्योहार हो यहां पूरे हर्षोल्लास से सभी नागरिकों के द्वारा मनाया जाता है। उन्होंने इस दौरान दुर्गा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था , साफसफाई एवं प्रकाश व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन एवं निगम अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि व्यवस्था में कहीं कोई कमी ना रहने पाए नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व के दौरान प्रशासन पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

## विधायक ने महापौर एवं सकल समाज के साथ किया ध्वजारोहण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व सत्संग प्रवचन से पूर्व सुयस सागर महाराज का सकल समाज ने ढोल नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर जोरदार स्वागत किया गया था।इस दौरान बाकलीवाल परिवार एवं सकल जैन समाज के लोगों में जोरदार स्वागत कर देश व समाज की खुशहाली की प्रार्थना की।इस क्रम में आज पद्मनाभपुर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व सत्संग प्रवचन से पूर्व सुयस सागर महाराज का सकल समाज ने कलशाभिषेक सकल दिगंबर जैन



समाज के तत्वावधान में श्री दिगंबर जैन अतिशय पद्मनाभपुर में आयोजित छे दिवसीय कलशाभिषेक उत्सव का आयोजन इस अवसर पर आज सुबह विधायक अरुण वोरा ने महापौर धीरज बाकलीवाल एवं सकल जैन समाज के साथ ध्वजारोहण किया गया। प्रतिदिन सुबह 7.00 बजे से अभिषेक,पूजन एवं विधान रात्रि 7.30 बजे से आरती होगा।उत्सव के दौरान मंदिर प्रांगण पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ ध्वजारोहण किया गया जिसमें ध्वजारोहण करने का सौभाग्य बाकलीवाल परिवार सहित सकल जैन समाज को प्राप्त हुआ। रिद्धि मण्डल विधान आयोजित किया गया जिसमें मंगल कलश की स्थापना कर पूजा अर्चना की।विशेष पूजा अर्चना करके मण्डल विधान की आराधना की।उत्सव में जयकारों के साथ कलशाभिषेक हुआ। भजन संध्या एवं जी की महाआरती आयोजित की गई व अनेक भजनों की प्रस्तुति दी गई।इस अवसर पर विधायक अरुण वोरा, सीताराम जी, श्रीमती मंजू वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,स्वेता बाकलीवाल, नीरज बाकलीवाल, संजय, राकेश जैन, सुभाष बाकलीवाल, आशीष जैन,विनोद जैन, नवीन जैन,लालचंद गोहरा, विनोद पाटनी, प्रेंस, राहुल जैन,अनिल जैन,अमोल जैन,तानिष पाटनी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने मान्यता पत्र प्रदान किया

## भिलाई इस्पात श्रमिक मंच को मिली बीएसपी की मान्यता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** केंद्रीय श्रम मंत्रालय की ओर से मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय, नई दिल्ली ने भिलाई इस्पात श्रमिक मंच (बी एम एस) को दो वर्षों की अवधि के लिए मान्यता प्रदान करने के निर्देश जारी कर दिए है। इसके अनुसार भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से मान्यता सम्बन्धी पत्र निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र श्री अनिर्बान दासगुप्ता के द्वारा आज 26 सितम्बर, 2022 को इस्पात भवन में निदेषक प्रभारी के सभागार में प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अनिर्बान दासगुप्ता निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र ने बी एम एस की अपैक्स समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्हें बधाइयाँ और शुभकामनाएं दीं तथा आश्वस्त किया कि प्रबंधन और यूनियन के बीच संवाद को बेहतर किया जाएगा। संयंत्र की बेहतरी के लिए उन्होंने यूनियनों के सहयोग का आह्वान किया। सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाएं जाने का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी



यूनियनें नियमित कार्मिकों एवं ठेका श्रमिकों को कोविड टी के की बूस्टर डोज लगवाने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने हर तरह की चुनौती में एकजुट रहकर भिलाई इस्पात संयंत्र के विकास और उत्थान के लिए समर्पित होकर काम करने का अनुरोध किया। बी एम एस की ओर से महामंत्री श्री रविशंकर सिंह ने प्रबंधन को यूनियन की ओर से सहयोग मिलने के लिए आश्वस्त किया और कहां कि बी एम एस संयंत्र के लिए निष्ठापूर्वक समर्पित होकर अनुशासन के दायरे में कार्य करेगी तथा प्रबंधन को कार्मिकों की आवश्यकताओं पर समय-समय पर अवगत कराने और जायज मांगों को प्रकाश में लाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर संयंत्र प्रबंधन की ओर से कार्यपालक निदेषक (सामग्री प्रबंधन) ए के भट्टा, कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनि कुमार, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन) एम एम गद्रे, कार्यपालक निदेषक (वित्त एवं लेखा) डॉ. ए के पंडा, कार्यकारी कार्यपालक निदेषक (परियोजनाएं) अषोक कुमार, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी प्रभारी डॉ. एम रविन्द्रनाथ, मुख्य महाप्रबधक (कार्मिक) सुश्री निषा सोनी, महाप्रबंधक (कार्मिक-वर्क्स) सुश्री षिजा मैथ्यू, महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध एवं कांट्रेक्ट सेल) ज्योतेन्द्र नाथ ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

इसके साथ ही भिलाई इस्पात श्रमिक मंच (बी एम एस) के अध्यक्ष इंद्रमणि मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष चेन्ना केषवलू, महामंत्री रविषंकर सिंह सहित यूनियन की अपेक्स कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र में मान्यता प्राप्त यूनियन के निर्धारण के लिए केंद्रीय श्रम मंत्रालय की देख-रेख में दिनांक 30 जुलाई, 2022 को यूनियनों की सदस्यता का सत्यापन गुप्त मतदान की प्रक्रिया से किया गया।

मंत्रालय को उप श्रमायुक्त केंद्रीय रायपुर द्वारा मतदान के विवरण भेजे गए थे। सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होकर केंद्रीय श्रम मंत्रालय की ओर से मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय नई दिल्ली ने भिलाई इस्पात श्रमिक मंच (बी एम एस) को दो वर्षों की अवधि के लिए मान्यता प्रदान करने के निर्देश जारी कर दिया है।

## अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छूटे हुए लोगों के लिए फिर से खुला वेब पोर्टल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए फिर से वेब पोर्टल खोला गया है। ऐसे छूटे हुए लोग जो इस दायरे में आते हैं वह अपना पंजीयन करा सकते हैं, इसके साथ ही अपने परिवार के सदस्यों का भी पंजीयन करा सकते हैं। छत्तीसगढ़ क्वांटीफायबल डाटा आयोग ने अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित सभी अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा पंजीयन को लेकर आदेश प्रसारित किया है। अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा पंजीयन नहीं कराने के कारण छूटे हुए अन्य पिछड़ा वर्ग से समस्त व्यक्तियों को नवीन पंजीयन किए जाने के लिए mop up round के तहत दिनांक 16 सितंबर 2022 से 17 अक्टूबर 2022 तक के लिए पोर्टल खोला गया है।

जिससे समस्त अन्य पिछड़ा वर्ग के शासकीय अधिकारी/कर्मचारी भी इस अवधि




में स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों का पंजीयन करा सकते हैं। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने छूटे हुए लोगों से अनिवार्य रूप से पंजीयन करने हेतु अपील की है। पोर्टल में नवीन पंजीयन के लिए वेब पोर्टल cgqdc.in login एवं मोबाइल ऐप cgqdc पर भी उपलब्ध है जिस पर संबंधित व्यक्ति स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों का पंजीयन कर सकते हैं। भिलाई निगम कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारियों को एवं अपने परिवारों के सदस्यों का आवश्यक रूप से पंजीयन दर्ज कराना होगा।

### विधायक अरुण वोरा ने मुख्य अतिथि के रूप में संभाग स्तरीय जनजातीय नृत्य प्रतियोगिता के अवसर पर कहा

# जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने में भूपेश बघेल की सरकार का अहम योगदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग । संभाग स्तरीय जनजातीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन बीआईटी आडिटोरियम में आज हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री अरुण वोरा मौजूद रहे। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सरकार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने पिछले वर्ष जनजातीय नृत्य महोत्सव का आयोजन रायपुर में किया।**

इस आयोजन में न केवल लोगों ने देशविदेश के जनजातीय नृत्य देखे अपितु छत्तीसगढ़ में प्रचलित जनजातीय नृत्यों का सुंदर नमूना भी देखा।

श्री वोरा ने कहा कि इस तरह का बड़ा मंच प्रदान करने से इन प्रतिभाओं को आगे आने में मदद मिलती है। साथ ही दुनिया भर को पता लगता है कि कितनी अद्भुत



प्रतिभाएं हमारे प्रदेश में हैं। उन्होंने कहा कि आज दुर्ग में आयोजित संभाग स्तरीय जनजातीय नृत्य स्पर्धा के आयोजन में प्रतिस्पर्धियों के नृत्य देखे। सब एक से बढ़कर एक प्रतिभाएं, निर्णायकों को निश्चय ही इनमें से सर्वश्रेष्ठ चुनने में दुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से कलाजगत को बड़ा लाभ मिलता है। हम अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति जागरूक होते हैं और इसकी सुंदरता के प्रति भी जागरूक होते हैं। इस मौके पर अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी रिवेंद्र यादव ने कहा कि आज जनजातीय नृत्य के सुंदर कार्यक्रम देखे। नृत्य तो सुंदर थे ही, इनके साथ ही आदिवासी वेशभूषा में जिस तरह श्रृंगार किया गया। चटख रंगों के वस्त्रों और उनके सुंदर विन्यास के साथ आये इन प्रतिभागियों ने सचमुच ही मन जीत लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई भी मौजूद रहीं।

उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी नृत्य विधा के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती प्रियंवदा रामटेके ने विस्तार से कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप हमारे लोकधरोहरों को सुरक्षित रखने के लिए इसे निरंतर प्रोत्साहित करना आवश्यक है। आज जिस तरह से संभाग के सभी जिलों से आये लोककलाकारों ने प्रस्तुति दी है उससे यह उद्देश्य पूरा होता दिख रहा है।

## सुभाष मार्केट में तैयार हो रहा है सोलर लाइट युक्त हाट बाजार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत भिलाई खुर्सीपार के वार्ड क्रमांक 49 सुभाष मार्केट में हाट बाजार का निर्माण किया गया है। मार्केट को सुव्यवस्थित करने के लिए हाट बाजार अब महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, वही यहां पर व्यापार करने वालों को अच्छी सुविधा मिल पाएगी।

विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की पहल पर भिलाई शहर में यह पहला अच्छा सुसज्जित मार्केट होगा। लगभग 68 लाख की लागत से हाट बाजार का निर्माण किया गया है। इस बाजार का निर्माण एजेंसी मेसर्स आर आर साहू कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया गया है।

हाट बाजार में खास बात यह है कि यहां लाइट सोलर की है जो विद्युत अवरुद्ध होने पर भी जलती रहेगी और अपने रौशनी से बाजार को प्रकाशमय रखेगी। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने इस



बाजार का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आसपास के अतिक्रमण पर कार्रवाई करे तथा एक मुख्य द्वार भी बनाए। हाट बाजार राज्य परिवर्तित योजना के तहत निर्माण किया जा रहा है,जो कि लगभग पुर्ण हो चुका है। इस हाट बाजार में 60 चबूतरे का निर्माण किया गया है। श्री राम चौक के पास मछली मार्केट के ठीक पीछे इन चबूतरो का निर्माण किया गया है। धूप और बारिश से बचने के लिए शेड का निर्माण किया गया है। प्रसाधन की भी व्यवस्था की जा रही है। बाजार में पेवर ब्लॉक लगाए गए हैं वहीं पेयजल की भी व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे मौजूद रहे।

आज निगमायुक्त ने बैकुंठधाम क्षेत्र का भी निरीक्षण किया उन्होंने नवरात्र पर्व को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का शहर में जायजा लिया। बैकुंठ धाम तलाब परिसर की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने कहा कि शहर में जितने भी वॉल चेंबर खुले हुए हैं उनमें अनिवार्य रूप से ढक्कन लगावे और सफाई भी करावे। निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी सुदामा परघनीया, श्याम, वीरेंद्र बंजारे एवं टिकेश साहू आदि मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950